卐 श्री सदगुरू देवाय नमः卐 卐ओ३म्卐 卐 जय माता दी 卐
卐 सीताराम बाबा जी卐卐जय बाबा की卐卐श्याम बाबा卐卐
卐 ! जाके सुमिरन तें रिपु नासा!! ! नाम सत्रुहन बेद प्रकासा!! 卐

उल्लंघ्य सिन्धोः सलिलं सलीलं,यः शोकवह्निं जनकात्मजायाः आदाय तेनैव ददाह लंकां,नमामि तं प्राञ्जलिराञ्जनेयम्
मनोजवं मारुत तुल्य वेगं,जितेन्द्रियं बुद्धिमतां वरिष्ठम् वातात्मजं वानरयूथ मुख्यं, श्रीराम दूतं शरणं प्रपद्ये

केन्द्र व उत्तरांचल सरकार से विज्ञापन मान्यता प्राप्त

हिन्दी सान्ध्य दैनिक

# उत्तरांचल दर्पण

♦वर्ष 24 ♦अंक 264 ♦पृष्ठ 8 ♦रूद्रपुर(ऊधमसिंहनगर) ♦शुक्रवार ♦5 जुलाई 2024 ♦मूल्य दो रूपया

darpan.rdr@gmail.com 9897427585 UTTARANCHAL DARPAN www.uttaranchaldarpan.in

GAGNEJA PROPERTIES
CONTACT FOR SALE, PURCHASE RENT & LEASE
✔ Shops ✔ Houses
✔ Industrial Property
✔ Commercial Property
✔ Agriculture Land
REAL ESTATE WITHOUT THE HASSLE
MO.-8630672525,8279444462
ADD- SRA F69, Shop No.4, Adarsh Colony, Rudrapur

## बरसाती नदी में नहा रहे तीन किशोर डूबे, एक की मौत

हरिद्वार( उद संवाददाता)। बरसाती नदी में नहाने के दौरान तीन किशोर डूब गये। जिनमें दो किशोरों को राहगीरों व आसपास के लोगों ने बचा लिया। जबकि तीसरे की डूबने से मौत हो गयी। घटना से क्षेत्र में हड़कम्प मच गया। सूचना पर सिडकुल पुलिस ने मौके पर पहुंचकर घटना की जानकारी लेते हुए एसडीआरएफ टीम को मौके पर बुलाकर लापता किशोर की तलाश की गयी। एसडीआरएफ टीम देर रात तक लापता किशोर की तलाश में जुटी रही, लेकिन कोई सफलता नहीं मिली। एसडीआरएफ टीम ने शुक्रवार को दिन निकलते ही डूबे



किशोर की फिर से तलाश शुरू की और घंटों मंशकत के बाद किशोर के शव को बरामद किया गया। जानकारी के अनुसार गुरूवार को 15 वर्षीय प्रियांशु पुत्र प्रवीण चौहान निवासी खालसा कॉलोनी फेस-2 सिडकुल हरिद्वार अपने दो दोस्तों दिव्यांश पुत्र दिनेश रावत और अंकित श्रीवास्तव निवासी हरि ग्रीन कॉलोनी सिडकुल के साथ नवोदय नगर बरसाती नदी में नहाने के लिए गये थे, जोकि बरसाती नदी में डूब गये। राहगीरों समेत आसपास के लोगों ने किशोरों के शोर की आवाज सुनकर दो किशोरों दिव्यांश और (शेष पृष्ठ 7पर)

## फंदे पर लटका मिला ट्रक चालक

रूद्रपुर (उद संवाददाता)। गत रात्रि बंगाली कालोनी पुलभट्टा किच्छा में एक ट्रक चालक अपने ही घर में फांसी पर लटका पाया गया । जानकारी मिलने पर



पुलिस ने मौके पर पहुंचकर घटनास्थल का निरीक्षण किया और परिजनों से आवश्यक जानकारी लेकर शव अपने कब्जे में ले पोस्टमार्टम के लिए भिजवाया। जानकारी के अनुसार बंगाली कालोनी पुलभट्टा निवासी 38 वर्षीय शेर सिंह पुत्र मंगत सिंह ट्रक चलाकर परिवार का भरण पोषण करता था। बताया जाता है कि गत रात्रि वह खाना खाकर अपने कमरे में सोने के लिए चला गया। मध्य रात्रि उसकी बड़ी पुत्री रमन कौर पानी पीने के लिए उठी। उसने जब पिता के कमरे की ओर देखा तो पिता फांसी पर लटके हुए दिखाई दिये। यह देखकर उसने शोर मचा दिया। शोर की आवाज सुनकर परिजनों सहित कई लोग आ पहुंचे। तब तक शेर सिंह की मौत हो चुकी थी। मामले (शेष पृष्ठ सात पर)

## धामी सरकार के 'तीन साल', सेवा-संकल्प की 'नई मिसाल'

### शिक्षा,स्वास्थ्य, महिला सशक्तिकरण एवं नव रोजगार सृजन की स्थिति हुई बेहतर,उभर कर सामने आया सक्षम उत्तराखंड

-अर्श-

रूद्रपुर। तीन साल पहले जब पुष्कर सिंह धामी ने उत्तराखंड का सबसे युवा मुख्यमंत्री बनने का रिकॉर्ड बनाया था, तो राजनीतिक प्रेक्षकों ने दबी जुबान में यह आशंका भी जाहिर की थी कि जिस व्यक्ति को तनिक भी प्रशासनिक अनुभव न हो, वह सरकार चलाने की अग्नि परीक्षा कैसे पास कर पाएगा ? लेकिन अपने दो सरकारों के तीन साल के कार्यकाल से सीएम धामी ने ,न केवल राजनीतिक विरोधियों को लाजवाब कर दिया, बल्कि अपने क्रांतिकारी फैसलों से देश भर में खास धमक बना डाली. हालात कुछ ऐसे हैं कि आज देश के अन्य कई राज्य उत्तराखंड के फैसलों का अनुकरण तो कर ही रहे हैं, साथ ही देश के प्रधानमंत्री मोदी और गृह मंत्री अमित शाह इन्हीं फैसलों की वजह से धामी की तारीफ सार्वजनिक मंचों से कई बार कर चुके हैं। बताना होगा कि उत्तराखंड में धामी सरकार का तीन साल का कार्यकाल बीते रोज पूरा हो गया। तीन साल के अपने आज तक के कार्यकाल में धाकड़ धामी ने ताबड़तोड़ 68 फैसले लिए, जिनमें से कॉमन सिविल कोड, नकल विरोधी कानून,जबरन धर्मांतरण संबंधी कानून, दंगारोधी कानून



तथा महिला आरक्षण जैसे क्रांतिकारी फैसलों से उत्तराखंड एवं मुख्यमंत्री धामी को राष्ट्रीय स्तर पर एक नई पहचान मिली। इन फैसलों के चलते बनी धामी की विशेष छवि के कारण भाजपा द्वारा उन्हें स्टार प्रचारक बनाया गया, साथ ही उत्तराखंड सरकार के कुछ खास फैसलों को भाजपा के लोकसभा चुनाव 2024 के प्रमुख एजेंडों तक में स्थान मिला। धामी सरकार का सबसे अहम और राष्ट्रीय स्तर पर चर्चाओं में रहने वाला फैसला कॉमन सिविल कोड था, जिसे मूर्त रूप देने की कवायद मुख्यमंत्री ने अपने दूसरे कार्यकाल की पहली कैबिनेट बैठक में ही आरंभ कर दी थी। उसके बाद धामी सरकार द्वारा नकल विरोधी कानून बनाकर एक पारदर्शी भर्ती परीक्षा सिस्टम को धरातल पर उतरा गया। खास बात तो यह है कि उत्तराखंड सरकार के इस नकल विरोधी कानून को गुजरात, मध्य प्रदेश समेत कई राज्यों तक ने अपनाया तथा केंद्र सरकार ने भी राष्ट्रीय स्तर पर इस कानून को लागू किया। आगे चलकर धामी सरकार द्वारा राज्य में जबरन धर्मांतरण पर रोक लगाने की दृष्टि से एक सख्त धर्मांतरण विरोधी कानून लाया गया, जिसमें जबरन धर्मांतरण कराने पर दस साल की कड़ी सजा का प्रावधान किया गया है। इसके अलावा धामी सरकार ने महिला सशक्तिकरण पर भी खास फोकस किया है और वर्तमान में राज्य की महिलाओं को आत्मनिर्भर बनाने के लिए प्रोजेक्ट (शेष पृष्ठ सात पर)

## टिप्पर ने राह चलते मजदूर को रौंदा, मौत

हल्द्वानी (उद संवाददाता)। गत सायं रामपुर रोड़ पर गन्ना सेंटर के पास तेज गति से जाते मिट्टी भरे टिप्पर चालक ने सड़क किनारे पैदल घर जा रहे मजदूर को टक्कर मारकर रौंद दिया। जिससे उसकी घटनास्थल पर ही मौत हो गई। घटना के बाद चालक टिप्पर लेकर फरार हो गया। घटना की जानकारी मिलते ही पुलिसकर्मी मौके पर आ पहुंचे और वहां मौजूद लोगों से घटना के सन्दर्भ मे आवश्यक जानकारी ली। बाद में शव कब्जे में लेकर पोस्ट मार्टम के लिए भिजवाया।जानकारी के अनुसार गन्ना सेंटर चांदनी चौक घुड़दौड़ा निवासी 37 वर्षीय मोहन राम पुत्र स्व. बहादुर राम मजदूरी कर परिवार का भरण पोषण करता था और अपनी 15 साल की बेटी



के साथ गांव में रहता था। शाम करीब पांच बजे मोहन राम चावल लेकर आ रहा था। इस बीच रकसिया नाले से मिट्टी लेकर टिप्पर ग्रामीण मार्ग से बहुत तेजी से जा रहा था। हरिपुर जमन सिंह की सड़क पर टिप्पर ने मोहन को टक्कर मारकर रौंद दिया। जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गया और उसने कुछ ही देर में घटनास्थल पर ही दम तोड़ दिया। जानकारी मिलने पर वहां लोगो की भीड़ लग गई। परिजन भी आ गए और उनमें कोहराम मच गया। (शेष पृष्ठ सात पर)

## व्यापारियों ने बिग बाजार में किया प्रदर्शन

### लाखों रूपये जमा कराने के बाद भी आवंटिन नहीं हुई दुकानें

रूद्रपुर (उद संवाददाता)। नैनीताल मार्ग पर स्थित बिग बाजार में करीब सत्रह वर्ष पूर्व एक व्यापारी द्वारा लाखों रूपये जमा कराने के बाद भी प्रबंधन द्वारा अभी तक दो दुकानें आवंटित न किये जाने से रोषित व्यावसाइयों ने व्यापार मंडल अध्यक्ष संजय जुनेजा के नेतृत्व में बिग बाजार मॉल के प्रबंधक कार्यालय के समक्ष प्रदर्शन कर



महाप्रबंधक सुनील कुमार का घेराव किया और उन्हें मामले में कार्रवाई कर शीघ्र दुकान आवंटित करने की मांग की। इस दौरान सुपरटेक के वाईस प्रेजीडेंट संजय अरोरा से मोबाईल पर हुई वार्ता में श्री जुनेजा ने उन्हें 15 जुलाई तक दुकानें आवंटित करने का समय दिया साथ ही कहा कि यदि व्यापारी विनोद चावला को दो दुकानें आवंटित नहीं की गई तो वह व्यापारियों के साथ मॉल के समक्ष धरना शुरू कर देंगे। विनोद चावला पुत्र कश्मीर चावला निवासी निकट पांच मंदिर ने बताया कि उन्होंने 17 वर्ष पूर्व बिग बाजार मॉल में दो सौ व एक सौ बीस वर्ग फीट की दो दुकानों के लिए 17 लाख रूपयों का एडवांस भुगतान किया था। उन्हें जो दुकानें दी जा रही थीं उनमें एक बड़ा पिलर होने के कारण अन्य दुकान देने की बात कही गई। जिस पर प्रबंधक द्वारा सहमति भी व्यक्त की गई थी। परंतु (शेष पृष्ठ सात पर)

आवश्यकता है
मार्केटिंग हेतु युवक/युवती की अनुभवी को वरीयता
सम्पर्क करे-
9897427586

## राहुल गांधी को गालियां देने वाले भाजपाईयों के खिलाफ दी तहरीर

रूद्रपुर (उद संवाददाता)। लोकसभा नेता प्रतिपक्ष एवं सांसद राहुल गांधी का पुतला फूंकने के दौरान उनके लिए अपशब्द बोलने पर यूथ कांग्रेस ने रोष व्यक्त करते हुए मामले में पुलिस को तहरीर सौंपकर कार्रवाई की मांग की है। एसएसआई दीपक कौशिक को दी गयी तहरीर में यूथ कांग्रेस नेताओं कहा कि गुरूवार को भगत सिंह चौक पर भाजपा कार्यकर्ताओं ने लोकसभा नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी का पुतला फूंका था। इस



दौरान भाजयुमो कार्यकर्ताओं ने राहुल गांधी की माताजी के लिए अपशब्द कहे और राहुल गांधी को भी गालियां देते हुए गोली मारने की बात कही गयी। यह खबर सोशल मीडिया चैनलों पर भी लाइव दिखायी गयी। यूथ कांग्रेस नेताओं ने कहा कि भाजपा के कार्यकर्ताओं ने राहुल गांधी और उनकी माताजी के लिए सरेआम अपशब्दों का प्रयोग करके माहौल खराब करने की कोशिश की है। तहरीर में भाजपा(शेष पृष्ठ सात पर)

आवश्यकता है
रूद्रपुर में शाम का अखबार बांटने के लिये युवकों की।
सम्पर्क करे-
9897427586

# धामी के तीन साल का कार्यकाल बेमिसाल : महेंद्र भट्ट

## भाजपा प्रदेश अध्यक्ष ने गिनाई धामी सरकार की उपलब्धियां

देहरादून(उद संवाददाता)। बीजेपी प्रदेश मुख्यालय में भाजपा प्रदेश अध्यक्ष एवं राज्यसभा सांसद महेंद्र भट्ट ने मुख्यमंत्री के तीन साल की उपलब्धियां को लेकर पत्रकार वार्ता की। इस दौरान उन्होंने भाजपा प्रदेश अध्यक्ष महेंद्र भट्ट ने मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी के तीन साल के कार्यकाल को बेमिसाल बताया। उन्होंने मुख्यमंत्री धामी के तीन साल पूर्ण होने पर सफलता गिनाई। भाजपा प्रदेश अध्यक्ष महेंद्र भट्ट ने कहा कि आज का दिन देवभूमि उत्तराखंड की दृष्टि से महत्वपूर्ण है। प्रदेश की जनता ने मिथक तोड़ने का काम किया है। बीजेपी अध्यक्ष ने बताया कि इन तीन वर्षों में मुख्यमंत्री ने क्रांतिकारी कदम उठाए और अन्य राज्यों के लिए ये मिसाल बने हैं।महेंद्र भट्ट ने बताया कि जबरन धर्मांतरण पर कड़ा प्रहार किया।



कठोर कानून लेकर आए, लैंड जिहाद पर शिकंजा कसा, दंगा विरोधी कड़ा कानून लाने का काम हमारी सरकार ने किया। उन्होंने कहा कि महिलाओं के लिए 30% क्षैतिज आरक्षण देने का काम हमारी सरकार ने किया है। नारी सशक्तिकरण में अनेकों योजनाएं लाई गई। छात्र-छात्राओं के लिए छात्रवृत्ति की योजनाएं लाई गई। बीजेपी अध्यक्ष में सीएम धामी की उपलब्धियां का बखान करते हुए कहा कि इन्वेस्टर समिट में बड़े स्तर पर एमओयू करार हुए अभी तक 71 हजार करोड़ की ग्राउंडिंग हो चुकी है। होमस्टे बनाने वालों के लिए स्पेशल छूट सरकार ने दी है। इसके अलावा भाजपा प्रदेश अध्यक्ष ने कई अन्य उपलब्धियां को भी गिनाते हुए कहा कि तीन साल के कार्यकाल को बेमिसाल बताया।

## उत्तराखण्ड के विकास और जनकल्याण के लिए सरकार निरंतर समर्पित : सीएम

देहरादून(उद संवाददाता)। मुख्यमंत्री श्री पुष्कर सिंह धामी ने प्रदेश के मुख्यमंत्री के रूप में 3 वर्ष पूर्ण होने पर समस्त प्रदेशवासियों का आभार व्यक्त किया है। उन्होंने कहा कि जन-जन की आशाओं और आकांक्षाओं के अनुरूप इन वर्षों में देवभूमि उत्तराखण्ड के विकास और जनकल्याण के लिए निरंतर समर्पित होकर कार्य किया है और आगे भी इसी प्रकार प्रदेशवासियों के सर्वांगीण और सर्वस्पर्शी विकास के लिए कार्य करता रहूंगा। मुख्यमंत्री ने कहा कि एक ओर जहां तुष्टिकरण, लैंड जिहाद और जबरन धर्मान्तरण के विरुद्ध सख्त कार्रवाई कर तथा राज्य में समान नागरिक संहिता लागू कर देवभूमि के मूल स्वरूप को बनाए रखने की दिशा में आगे बढ़े हैं वही दूसरी ओर भ्रष्टाचार, नकल माफिया और दंगाइयों पर नकेल कसकर प्रदेशवासियों के भविष्य को भी सुरक्षित किया है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी जी के कुशल नेतृत्व में आज उत्तराखण्ड विकास और प्रगति के नए सोपान गढ़ रहा है। सुशासन के मार्ग पर चलते हुए उन्नति और समृद्धि की यह धारा निरंतर बहती रहे इसके लिए पूर्ण मनोयोग से कार्य कर रहा हूं।



## क्षतिग्रस्त पेयजल योजनाओं की दैनिक आधार पर रिपोर्ट तैयार करें : बगोली

देहरादून(उद संवाददाता)। सचिव, पेयजल श्री शैलेश बगोली ने सचिवालय में प्रदेश में मानसून के दृष्टिगत पेयजल विभाग द्वारा की गई तैयारियों की समीक्षा की। इस अवसर पर अपर सचिव पेयजल श्री रणवीर सिंह चौहान सहित पेयजल निगम एवं जल संस्थान के अधिकारी उपस्थित थे। सचिव, पेयजल द्वारा निर्देश



दिये गये कि प्रदेश में क्षतिग्रस्त पेयजल योजनाओं की दैनिक आधार पर रिपोर्ट तैयार कर प्रस्तुत की जाय। इसके साथ ही क्षतिग्रस्त पेयजल योजनाओं की मरम्मत की सूचना उपलब्ध की जाए और जल संस्थान एवं जल निगम के सभी डिवीजनों को समय पर मरम्मत हेतु पर्याप्त आवश्यक सामग्री की व्यवस्था सुनिश्चित की जाए। उन्होंने कहा कि पिछले 03 सालों के अनुभव के आधार पर संवेदनशील डिवीजन में अतिरिक्त मानव संसाधन एवं सामग्री की भी व्यवस्था रखे जाने तथा शुद्ध पेयजल उपलब्ध कराने हेतु आवश्यक केमिकल सोडियम हाइपोक्लोराईड, एलम सभी डिवीजनों को उपलब्ध कराई जाए। सचिव पेयजल द्वारा अधिकारियों को निर्देश दिए गए कि आपदा के दृष्टिगत सभी जनपदों में कन्ट्रोल रूम की स्थापना किये जाने, पेयजल के स्रोतों की निरंतर सफाई व्यवस्था एवं जल संस्थान अथवा जल निगम द्वारा उपयोग किये जा रहे सभी पेयजल श्रोतों की जीआईएस मैपिंग कराई जाए।

## तीन दिन कुमाऊं में भारी बारिश का रेड अलर्ट जारी

देहरादून। उत्तराखंड के पर्वतीय इलाकों में आज (शुक्रवार) भी भारी बारिश होने की संभावना है। खासकर कुमाऊं क्षेत्र के जिलों में भारी से भारी बारिश होने के आसार हैं। प्रदेश में अगले तीन दिनों तक के लिए भारी बारिश का अलर्ट जारी किया



गया है। जिसके चलते लोगों को काफी दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है। मौसम विज्ञान केंद्र की ओर से कुमाऊं में बिजली चमकने और तेज गर्जन के साथ भारी बारिश होने का रेड अलर्ट जारी किया गया है। जबकि देहरादून, पौड़ी, टिहरी और हरिद्वार जिले में कहीं-कहीं भारी से भारी बारिश का ऑरेंज अलर्ट जारी किया गया है। नैनीताल जिले में भारी बारिश के अलर्ट को देखते हुए कल 5 जुलाई को स्कूलों में छुट्टी रहेगी। जिलाधिकारी वंदना सिंह ने कक्षा 1 से 12 तक सभी स्कूलों में छुट्टी के आदेश जारी कर दिए हैं। इसके साथ ही भारी बरसात को देखते हुए सभी अधिकारियों को अलर्ट पर रहने के निर्देश दिए गए हैं। उधर उत्तरकाशी, चमोली और रुद्रप्रयाग जिले में गर्जन के साथ तेज बारिश का येलो अलर्ट जारी किया गया है। आने वाले दिनों की बात करें तो अगले चार दिन प्रदेश भर में कई दौर की तेज बारिश होने की संभावना है।

## गुच्चूपानी के पास टापू में फंसे दस युवकों को किया रेस्क्यू

देहरादून। उत्तराखंड में पहाड़ों से लेकर मैदानी इलाकों में बारिश का सिलसिला जारी है। गुरुवार को देहरादून के गुच्चूपानी के पास एक टापू में 10 युवक फंस गए। सूचना पर एसडीआरएफ की टीम मौके पर पहुंची। एसडीआरएफ की टीम ने घटनास्थल पर पहुंचकर रेस्क्यू ऑपरेशन शुरू किया। त्वरित कार्यवाही करते हुए एसडीआरएफ की टीम ने टापू पर फंसे 10 लोगों को नदी के तेज बहाव से होते हुए रोप द्वारा कड़ी मशक्कत से नदी पार कराकर सुरक्षित स्थान पर पहुंचाया। राजपाल सिंह (31) पुत्र गुमान सिंह निवासी टिहरी, नवीन सेमवाल (32) पुत्र प्रेम सेमवाल निवासी देहरादून, आशीष कुमार (32) पुत्र सूरज कुमार राजपुर रोड देहरादून, मनोज सिंह (35) पुत्र मंगल सिंह निवासी टिहरी, मुकेश कुमार (33) पुत्र शेर सिंह निवासी सिकंदराबाद साबिर (35) पुत्र नासिर निवासी देहरादून, प्रिंस सैनी (28) पुत्र प्रेमचंद सैनी उम्र 28 वर्ष निवासी सिकंदराबाद, शशांक सैनी (23) पुत्र राजू सैनी निवासी सिकंदराबाद, अंकित सैनी (26) पुत्र जीत सनी निवासी सिकंदराबाद, अमन सैनी (19) पुत्र अमरपाल सैनी निवासी सिकंदराबाद शामिल है।



# सीएम धामी के कार्यकाल पर कांग्रेस ने साधा निशाना

## प्रदेश में भ्रष्टाचारियों, अपराधियों और बलात्कारियों की नजर में सरकार और प्रशासन का कोई डर दिखाई नहीं पड़ रहा : दसौनी

देहरादून(उद संवाददाता)। उत्तराखंड के मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने अपनी दो सरकारों में तीन साल का कार्यकाल पूरा कर लिया है। सीएम धामी ने मौजूदा सरकार में दो साल का समय पूरा करने पर कांग्रेस ने निशाना साधा है। कांग्रेस का कहना है कि बतौर मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी के तीन साल के शासनकाल में उत्तराखंड और उत्तराखंडियत दोनों को ही नुकसान हुआ है। भारतीय जनता पार्टी द्वारा प्रदेशभर में पुष्कर सिंह धामी के बतौर मुख्यमंत्री तीन साल का कार्यकाल पूरा होने पर मनाए जा रहे जश्न पर उत्तराखंड कांग्रेस ने जमकर निशाना साधा है। कांग्रेस की मुख्य प्रवक्त गरिमा दसौनी ने प्रेस से बातचीत में कहा कि पुष्कर सिंह धामी के मुख्यमंत्री बनने के बाद से ही उत्तराखंड को बहुत नुकसान हुआ है। एक तरफ जहां मूल निवास और भू कानून पर सरकार का कोई स्पष्ट दृष्टिकोण नहीं आया। तो वहीं दूसरी ओर गैरसैंण को भी भुला दिया गया है। दसौनी का कहना है कि उत्तराखंड में जहां एक गुलदस्ते की तरह सौहार्दपूर्ण



माहौल था। उस भाईचारे के माहौल को कभी धर्मांतरण, कभी लैंड जिहाद तो कभी यूसीसी के नाम पर चोट पहुंचाई गई है। मुख्यमंत्री प्रशासनिक तौर पर एक बहुत ही कमजोर मुख्यमंत्री साबित हुए हैं। उनके कार्यकाल में भ्रष्टाचार अपने चरम पर रहा।कांग्रेस प्रवक्ता का कहना है कि प्रदेश में लोकायुक्त का गठन तो नहीं हो पाया। भर्ती घोटालों में भाजपाइयों की संलिप्तता की वजह से मुख्यमंत्री कि पूरे देश भर में किरकिरी हुई है। गरिमा दसौनी ने कहा कि किस तरह से इनकी कथनी और करनी में फर्क है वो इस बात से पता चलता है कि भारतीय जनता पार्टी जो खुद को बहुत ही संस्कारी और राजनीतिक सुचिता वाली पार्टी बताती है वो एक ओर बिजनौर से आयात किए हुए व्यक्ति को मदरसा बोर्ड का अध्यक्ष बना देती है। वहीं हरियाणा के व्यक्ति को मंगलौर का प्रत्याशी भाजपा द्वारा बना दिया जा रहा है। दसौनी ने कहा कि ये सारे निर्णय पुष्कर सिंह धामी के नेतृत्व में लिए जा रहे हैं। गरिमा ने कहा कि यदि सदन में बाहरी लोग पहुंचेंगे तो फिर पहाड़ों के लिए नीतियां कौन और क्यों बनाएगा। एक तरफ जहां इन्वेस्टर सम्मिट को पुष्कर सिंह धामी की उपलब्धि बताई जा रही है तो सरकार को ये भी स्पष्ट करना चाहिए कि कि इसके आयोजन में प्रदेश का कितना पैसा खर्च हुआ और कितना निवेश 2 साल बाद आ चुका है? कौन से विभाग मे कितने उद्योग लगे और कितने उत्तराखंडी युवाओं का रोजगार का जुगाड़ हुआ? गरिमा दसौनी का कहना है कि ये पुष्कर सिंह धामी का फेलियर ही कहा जा सकता है कि आज प्रदेश में जगह-जगह नाबालिग बच्चियों के साथ न सिर्फ सामूहिक दुष्कर्म हो रहा है बल्कि उनकी हत्या तक कर दी जा रही है। भ्रष्टाचारियों, अपराधियों और बलात्कारियों की नजर में सरकार और प्रशासन का कोई डर दूर-दूर तक दिखाई नहीं पड़ रहा है। खनन माफिया, भू-माफिया, लकड़ी माफिया और शराब माफिया पूरी तरह से सरकार पर हावी दिखाई दे रहे हैं। कानून व्यवस्था का पटरी से उतरना स्वास्थ्य शिक्षा सेवाओं का लाचार होना सबके सामने है। सीएम धामी एकला चलो की रणनीति पर चल रहे हैं।

## महिला कांग्रेस ने किया पुलिस मुख्यालय का घेराव

देहरादून(उद संवाददाता)। उत्तराखंड में महिला अपराध की बढ़ती घटनाओं के विरोध में गुरूवार को कांग्रेस ने सड़कों पर उतरकर पुलिस कार्यालय का घेराव कर प्रदर्शन किया। इस दौरान विपक्ष ने राज्य सरकार और पुलिस प्रशासन के खिलाफ नारेबाजी की। बता दें बीते दिनों पहले हरिद्वार में हुए किशोरी के साथ सामूहिक दुष्कर्म के बाद उसकी हत्या कर दी गई थी। जिसमें भाजपा नेता का नाम सामने आया था। इसके अलावा चंपावत में किशोरी के साथ सामूहिक दुष्कर्म का मामला सामने आने के बाद विपक्ष सड़कों पर उतर गई है। उत्तराखंड महिला कांग्रेस की प्रदेश अध्यक्ष ज्योति रौतेला के नेतृत्व में गुरुवार को महिला कांग्रेस ने पुलिस मुख्यालय का घेराव किया। इस दौरान मौके पर भारी पुलिस बल तैनात रही। पुलिस ने प्रदर्शनकारियों को पुलिस मुख्यालय से पहले ही कनक चौक पर बैरिकेडिंग लगाकर रोक लिया। कांग्रेस की प्रदेश अध्यक्ष ज्योति रौतेला ने कहा कि प्रदेश में महिलाओं के प्रति अपराध लगातार बढ़ रहे हैं। लेकिन सरकार अपराधियों को संरक्षण देने का काम कर रही है। रौतेला ने अपराधियों के लिए फांसी की सजा की मांग की। रौतेला ने कहा कि अगर उनकी मांगे पूरी नहीं होती हैं तो वह प्रदेशभर में सीएम का पुतला दहन करेंगे। इसके साथ ही सीएम आवास का घेराव करने को बाध्य होंगे।





# अल्पसंख्यक विकास निधि के कार्यों को समय पर पूरा करें: मजहर

रूद्रपुर(उद संवाददाता)। उत्तराखंड अल्पसंख्यक आयोग के मा0 उपाध्यक्ष मजहर नईम नवाब की अध्यक्षता में अल्पसंख्यक कल्याण हेतु चलाई जा रही योजनाओं के प्रति जन-जागरूकता अभियान कार्यक्रम सहित विभागीय अधिकारियों के साथ समीक्षा बैठक शहीद ऊधम सिंह सभागार में आयोजित की गई। जिला अल्पसंख्यक कल्याण अधिकारी अमन अनिरूद्ध ने जनपद में अल्पसंख्यक कल्याण हेतु केन्द्र व राज्य सरकार द्वारा चलाई जा रही सभी योजनाओं में की जानकारी दी। उन्होने जनपद की प्रगति रिपोर्ट मा0 उपाध्यक्ष के सम्मुख प्रस्तुत की। उपाध्यक्ष ने संचालित छात्रवृत्ति योजनाओं के बारे विद्यार्थियों को जानकारी हेतु विद्यालयों में समाज कल्याण, अल्पसंख्यक कल्याण से सम्बन्धित योजनाओं का वृहद स्तर पर प्रचार-प्रसार कराने के निर्देश अधिकारियों को दिये। उन्होंने अल्पसंख्यक विकास निधि कार्यों की समीक्षा के दौरान सम्बन्धित अभियंताओं व अधिकारियों को निर्देशित करते हुए कहा कि निर्माण कार्य समयबद्धता व पारदर्शिता से पूर्ण हों। उन्होंने कहा कि भविष्य में निर्माण कार्यों हेतु जो भी आगणन तैयार किया जाये, उसमें आगणन मान्यता की अन्तिम तिथि भी अंकित की जाये और बार-बार आगणन बनाने की आवश यकता न पडे। उन्होंने अल्पसंख्यक कल्याण वित्त विकास निगम कार्यों की समीक्षा के दौरान निर्देश दिये कि योजना के अन्तर्गत लक्ष्य शीघ्रता से हासिल किया जाये और ऋण से सम्बन्धित कोई भी आवेदन अधिक समय तक बैंको में लम्बित न रहे। इसके साथ ही पीएम जन विकास योजना, सीएम हुनर योजना, मौलाना आजाद के नाम से संचालित योजनाओं, आंगनबाड़ी, पशुपालन, प्रधानमंत्री आवास योजना, मत्स्य, विद्युत, उद्योग, डेयरी, आंगन बाड़ी से सम्बन्धित विभिन्न विभिन्न योजनाओं एवं कार्यक्रमों की विस्तार से समीक्षा करते हुए महत्वपूर्ण दिशा-निर्देश सम्बन्धित अधिकारियों को दिये। उन्होने मुख्य उद्यान अधिकारी को मुख्यमंत्री हुनर योजना के तहत अधिक से अधिक



महिलाओं को प्रशिक्षण दिये जाने हेतु कार्य करने के निर्देश दिये। उन्होंने जनपद पुलिस विभाग को जनपद में हो रहे गौकशी के मामलो की नियमित रिपोर्ट आयोग को प्रेषित करने के बार-बार निर्देश देने के बावजूद भी रिपोर्ट नहीं देने पर पुलिस विभाग के अधिकारियों पर नाराजगी व्यक्त करते हुए गौकशी के मामलों को गम्भीरता से लेने व कार्यवाही करने के निर्देश पुलिस विभाग को दिये साथ ही पंजीकृत गौकाशी के मामलों के साथ ही गौकशी के तीन या तीन से अधिक मामलों में संलिप्ता वाले व्यक्तियों की जानकारी व उन पर की गई कार्यवाहियों की नियमित रूप से उपलब्ध कराने के निर्देश पुलिस विभाग के अधिकारियों को दिये। उन्होंने सहायक श्रम आयुक्त को निर्देश दिए कि योजनान्तर्गत जो सामग्रियां श्रमिकों व लाभार्थियों को वितरित की जाती हैं उनके वितरण हेतु जनप्रतिनिधियों को आमंत्रित करें अथवा तहसील दिवस के दिन ही उनका वितरण करायें ताकि जनता को संदेश जाए कि सरकार द्वारा किन योजनाओं में लाभार्थियों को क्या सुविधाएं दी जा रही हैं। उन्होंने सभी अधिकारियों को निर्देशित करते हुए कहा कि हम सभी का एक ही लक्ष्य है कि सरकारी योजनाओं का समय से पात्रों तक लाभ पहुॅचें और कोई भी पात्र व्यक्ति जनकल्याणकारी योजनाओं का लाभ लेने से वंचित न रहे। उन्होंने सभी विभागों के अधिकारियों को जनहित में आपसी तालमेल से कार्य करने के निर्देश दिये। उन्होने बैठक में शामिल नही होने पर अधिशासी अभियंता विद्युत को तीन दिन के भीतर स्पष्टीकरण के साथ आयोग के सम्मुख उपस्थित होने के निर्देश दिये। मुख्य विकास अधिकारी मनीष कुमार ने मा0 उपाध्यक्ष के निर्देशों के शत प्रतिशत अनुपालन करने व केन्द्र तथा राज्य सरकार द्वारा अल्पसंख्यक कल्याण हेतु चलाई जा रही सभी योजनाओं की प्रगति रिपोर्ट समय-समय पर आयोग को प्रेषित करने के निर्देश सम्बन्धित अधिकारियों को दिये। बैठक में मा0 आयोग के सदस्य तसलीम, पीडी अजय सिंह, नगर आयुक्त काशीपुर विवेक राय, प्रभारी अधिकारी कलेक्ट्रेट डॉ0 अमृता शर्मा, डीपीओ मुकुल चौधरी, मुख्य कृषि अधिकारी एके वर्मा, मुख्य उद्यान अधिकारी भावना जोशी, एलडीएम एमएस जंगपागी, सहायक श्रमायुक्त अरविन्द सैनी, जीएम डीआईसी विपिन कुमार, जिला शिक्षा अधिकारी डीएस राजपूत, जिला युवा कल्याण अधिकारी बीएस रावत, अधिशासी अभियंता जल निगम ज्योति पालनी, एआरटीओ निखिल शर्मा, सहायक जिला पंचायतराज अधिकारी महेश कुमार आदि मौजूद थे।

## लापता बालक के परिजनों के साथ एसएसपी से मिले ठुकराल

रूद्रपुर (उद संवाददाता)। आदर्श कालोनी से गत दिनों संदिग्ध परिस्थितियों में लापता हुए बालक हमजा बेग का पता लगवाने के लिए परिजनों के साथ पूर्व विधायक राजकुमार ठुकराल ने आज एसएसपी से मुलाकात कर बालक को खोजने के लिए आवश्यक कदम उठाने का आग्रह किया। एसएसपी ने बताया कि



सीसीटीवी फुटेज में लापता बालक अंतिम लोकेशन रेलवे स्टेशन पर मिली है। अब पुलिस उत्तर प्रदेश पुलिस से निरंतर संपर्क में है। बालक को ढूंढने में पुलिस कोई कसर नहीं छोड़ेगी। इस दौरान असलम खान, गफ्फार बैग, बाबू खान, वाहिद अली, फारुख अली, अंकुर छाबड़ा, ललित सिंह, अरविंद, आशीष, कलीम खान, सोनू खान, साहिब खान, नाजिम खान, जकी रजा, वसीम खान, उस्मान खान, कादिर खान, इमरान खान, जुनेद खान, अतीक खान आदि मौजूद थे।


क्या अंग्रेजी दवाईयां आपका रोग ठीक करने में नाकाम हैं तो मिलें-

विजय आयुर्वेद क्लीनिक
पंचकर्म सेन्टर

निम्न रोगों के इलाज में 16 वर्षो का अनुभव:-

पार्किंसन्स, अल्जाइमर, मानसिक विकार, निःसन्तान स्त्री-पुरुष की सभी चिकित्सायें, ट्यूब ब्लॉक, सिस्ट, कीटाणु की कमी आदि। डिस्क प्रोलेप्स सर्वाइकल, गठिया, घुटने का दर्द, किडनी रोग (डायलिसिस से पहले) लीवर सिरोसिस, हैपेटाइटिस B&C, Fatty Liver प्रोस्टेट रोग

असाध्य एवं लाइलाज रोगियों की चिकित्सा शुद्ध आयुर्वेदिक पद्धति द्वारा की जाती है।

DR. VIJAY PRAKASH MISHRA
M.D. (Ayurveda)
Mob.: 9410897970

DR. ASHWINI MISHRA
M.D. (Ayurveda)
स्त्री एवं त्वचा रोग

मिलने का समय : प्रातः 11:00 बजे से दोपहर 3:00 बजे तक (शुक्रवार अवकाश)

होटल राजश्री के सामने, गली नं० 2, डॉक्टर्स कालोनी डी 1 डी 2 सिविल लाईन, रूद्रपुर (ऊधम सिंह नगर) उत्तराखण्ड


## लघु सिंचाई और राजस्व विभाग की टीम ने किया रपटा पुल का निरीक्षण

दिनेशपुर/गदरपुर(उद संवाददाता)। लगभग 16 लाख रुपए की लागत से बन रहा रपटा पुल विवादों के चलते सुर्खियों में है जिसके चलते पुल के निर्माण कार्य में भी देरी हुई है। शुक्रवार को पुल के निरीक्षण के लिए लघु सिंचाई विभाग के अधिशासी अभियंता सुशील कुमार और राजस्व विभाग से राजस्व निरीक्षक मंजू रपटा पुल पर पहुंची लघु सिंचाई विभाग के अधिशासी अभियंता सुशील कुमार ने बताया कि रपटा पुल भाखड़ा नदी पर कुंदन नगर - सुंदरपुर को जोड़ने वाले मार्ग पर बन रहा है। रपटा पुल निर्माण के समय किसानों द्वारा रास्ते को लेकर कुछ विवाद था जिसे सुलझाने के बाद रपटा पुल का लगभग 80प्रतिशत कार्य पूरा हो गया है और लोगों में कुछ भ्रम था कि रपटा पुल गलत बना है लेकिन ऐसा बिल्कुल नहीं है रपटा पुल में लघु सिंचाई विभाग को कार्यादाई संस्था



नामित किया गया है इसका निर्माण कार्य प्रगति पर है रपटा पुल को ऐसा बनाया गया है कि पानी कम होने पर पानी पाइप से निकले और जल स्तर बढ़ने से पानी रपटा के ऊपर से होकर गुजरे फिलहाल सुशील कुमार ने बताया कि जल्द ही इसका निर्माण कार्य पूरा हो जाएगा वहीं भाजपा कार्यकर्ता अमित नारंग ने भी मौके पर पहुंचकर स्थिति का जायजा लिया और बताया कि निर्माण सही ढंग से हो रहा है।

### ठुकराल को दी भजन कीर्तन करने की नसीहत

दिनेशपुर। रपटा पुल को लेकर राजनीति और गरमा गई है बीते दिन रुद्रपुर के पूर्व विधायक राजकुमार ठुकराल रपटा पुल पर पहुंचे थे और मौके पर स्थित का जायजा लिया। इन पर तंज कसते हुए वरिष्ठ भाजपा कार्यकर्ता अमित नारंग ने शुक्रवार को रपटा पुल पर पहुंचकर कहा कि पूर्व विधायक राजकुमार ठुकराल को 10 वर्षों से इस पुल की याद नहीं आई अब जनता ने उन्हें नकार दिया है तो वह यहां जानकारी ले रहे हैं। अमित नारंग ने कहा कि राजकुमार ठुकराल को विकास कार्य करवाने चाहिए ना कि उनमें रोड़ा बनना चाहिए। उन्होंने कहा अब राजकुमार ठुकराल को अपने घर बैठकर भजन कीर्तन करना चाहिए।

## हल्द्वानी में अधिकारियों ने लिया जलभराव का जायजा

हल्द्वानी(उद संवाददाता)। हल्द्वानी और उसके आसपास के इलाकों में मूसलाधार बरसात से जनजीवन प्रभावित हुआ। लगातार हुई बरसात से दोपहर तक शहर की नहर ओवरफ्लो होनी शुरू हो गई। भारी बरसात को देखते हुए सिटी मजिस्ट्रेट ए पी बाजपेई, उप जिला अधिकारी परितोष वर्मा और तहसीलदार सचिन कुमार ने प्रभावित क्षेत्रों का जायजा लिया। उन्होंने रकसिया नाला, कलसिया नाला, सहित दमवाढुंगा, हाइडल गेट व जल भराव वाले कई इलाकों का निरीक्षण किया।



इस दौरान लगातार हो रही बरसात की वजह से जगह-जगह पानी ओवरफ्लो होना शुरू हो गया है। मौसम विभाग के पूर्वानुमान के मुताबिक अभी अगले 24 घंटे मानसून का रेडअलर्ट है। प्रशासन द्वारा लगातार नदी और नहर के किनारे रह रहे लोगों को सचेत किया जा रहा है। उधर गौला, नंधौर नदी का भी जल स्तर भी लगातार बढ़ रहा है जिसे प्रशासन की टीम लगातार मॉनीटरिंग कर रही है।

## समय प्रबंधन पर कार्यशाला आयोजित

हल्द्वानी(उद संवाददाता)। इंस्पिरेशन सीनियर सेकेंडरी स्कूल में विद्यालय के शिक्षक- शिक्षिकाओं के लिए 'टाइम मैनेजमेंट' विषय पर एक विशेष सेमिनार का आयोजन किया गया जिसमें रिसोर्स पर्सन के रूप में दीक्षांत विद्यालय के डायरेक्टर समित टिक्कू ने शिक्षकों को अपना अमूल्य समय दिया। सेमिनार में विद्यालय के डायरेक्टर डॉ० दीपक बल्यूटिया चेयरपर्सन डॉ० गीतिका बल्यूटिया तथा विद्यायल के प्रधानाचार्य सहित समस्त शिक्षण स्टाफ उपस्थित था। समित टिक्कू ने शिक्षकों को बताया कि समय प्रबंधन करने हेतु किसी भी कार्य के लिए योजना निर्माण अत्यंत आवश्यक है, इसके अतिरिक्त यह भी बताया कि सभी की अपनी विशेष भूमिका होती है, इसलिए सभी को अपने आप को समय देना अत्यंत आवश्यक है। उक्त प्रकार की महत्वपूर्ण बातों के माध्यम से सभी शिक्षकों के लिए यह सेमिनार एक स्वस्थ्य सेमिनार सिद्ध हुआ। विषय की गंभीरता को जानते हुए दीपक बल्यूटिया ने भी अपने वक्तव्यों में समय की महत्ता पर प्रकाश डाला। उन्होंने आवश्यक तथा अतिआवश्यक कार्यों को समयबद्ध करने पर अपने विचार प्रस्तुत किये। सेमिनार की सफलता पर प्रधानाचार्य अनुराग माथुर ने समित टिक्कू का आभार प्रकट किया एवं विद्यालय के शीर्ष स्तंभ द्वारा भी उन्हें स्मृति चिह्न प्रदान किया।


आवश्यकता है

| | |
|---|---|
| अकाउंटेंट टेली- | 3 वर्ष का अनुभव |
| फील्ड ऑफिसर- | 3 वर्ष का अनुभव |
| रिसेप्शनिस्ट- | 2 वर्ष का अनुभव |
| सुपरवाइजर- | 3 वर्ष का अनुभव |
| माली- | 3 वर्ष का अनुभव |
| चपरासी | |

Mail yr bio data on
Aalishan.uk@gmail.com

-संपर्क करें-
मो.9568300015,17


# क्षेत्र पंचायतों की बैठक का संशोधित रोस्टर जारी

रूद्रपुर(उद संवाददाता)। जिलाधिकारी उदय राज सिंह ने वित्तीय वर्ष 2024-2025 के लिये विकास खण्ड वार क्षेत्र पंचायतों की बैठक का संशोधित रोस्टर जारी किया है। उन्होने बताया कि क्षेत्र पंचायत खटीमा मे 30.08.2024 को क्षेत्र पंचायत की बैठक आयोजित की जायेगी, जिसके लिए परियोजना निदेशक डी.आर.डी.ए. को नोडल अधिकारी, जिला पंचायत राज अधिकारी को सहायक नोडल अधिकारी नामित किया है। इसी तरह विकास खण्ड सितारगंज में 29.06.2024 व 04.09.2024 को बैठक अयोजित की जायेगी, जिसके लिए जिला विकास अधिकारी को नोडल अधिकारी व जिला युवा कल्याण एवं प्रान्तीय रक्षक दल अधिकारी को सहायक नोडल अधिकारी नामित किया है। रूद्रपुर में 11.07.2024 व 18.09.2024 को बैठक अयोजित की जायेगी जिसके लिए मुख्य कृषि अधिकारी को नोडल अधिकारी, कृषि एवं भूमि संरक्षण अधिकारी को सहायक नोडल अधिकारी को नामित किया है। गदरपुर में 19.07.2024 व 26.09.2024 को बैठक अयोजित की जायेगी जिसके लिए मुख्य उद्यान अधिकारी को नोडल अधिकारी व जिला क्रीड़ा अधिकारी को सहायक नोडल अधिकारी नामित किया है। बाजपुर में 26.07.2024 व 7.10.2024 को बैठक आयोजित की जायेगी जिसके लिए जिला समाज कल्याण अधिकारी को नोडल अधिकारी व जिला पर्यटन अधिकारी को सहायक नोडल अधिकारी नामित किया है। काशीपुर में 07.08.2024 व 16.10.2024 को बैठक अयोजित की जायेगी जिसके लिए जिला कार्यक्रम अधिकारी को नोडल अधिकारी, महाप्रबन्धक जिला उद्योग केन्द्र को सहायक नोडल अधिकारी एवं जसपुर में 21.08.2024 व 26.10.2024 को बैठक अयोजित की जायेगी जिसके लिए सहायक निबन्धक सह0 समिति को नोडल अधिकारी एवं जिला सेवायोजन अधिकारी को सहायक नोडल अधिकारी नामित किया है। जिलाधिकारी ने समस्त जिला स्तरीय अधिकारियों को निर्देश दिये कि वे अपने-अपने विकास खण्ड/तहसील स्तरीय अधिकारियों को आहूत क्षेत्र पंचायतों की बैठक में अनिवार्य रूप से उपस्थित होने हेतु निर्देशित करना सुनिश्चित करें। उन्होने कहा कि क्षेत्र पंचायत अपनी सुविधानुसार एवं आवश्यकतानुसार विशेष व अपरिहार्य परिस्थितियों में निर्धारित तिथियों में आंशिक परिवर्तन कर सकती है, साथ ही क्षेत्र पंचायत विशेष प्रयोजन से विशेष बैठक आयोजित कर सकती है तथा इसी प्रकार की बैठक में सामान्य तौर पर क्षेत्र पंचायत स्तर के विभागीय अधिकारी प्रतिभाग कर सकते है, इसी क्रम में विभिन्न योजनाओं की कार्ययोजना पारित कराने हेतु क्षेत्र पंचायत की विशेष बैठक यथासमय आहूत कर ली जाये। उन्होने कहा कि समस्त जिला स्तरीय अधिकारी यह भी सुनिश्चित करें की क्षेत्र पंचायतों की उपरोक्त निर्धारित तिथियों में अपनी विभागीय बैठक आहूत न करें तथा भ्रमण कार्यक्रम भी रोस्टर से भिन्न रखें। उन्होने कहा कि यदि उपरोक्त निर्धारित रोस्टर की तिथियों में भविष्य में अपरिहार्य कारणवश कोई राजकीय अवकाश घोषित होता है तो सम्बन्धित खण्ड विकास अधिकारी मा0 प्रमुख से विचार-विमर्श कर क्षेत्र पंचायत की बैठक हेतु तिथि निर्धारित करते हुए निर्धारित बैठक की सूचना अपने स्तर से प्रकाशित करेंगे। उन्होने निर्देशित करते हुए कहा कि लोनिवि, जल संस्थान, उत्तराखण्ड पेयजल निगम, विद्युत, शिक्षा, समाज कल्याण, राजस्व, ग्राम्य विकास एवं पंचायतीराज, खाद्य आपूर्ति विभाग एवं अन्य विभाग के सक्षम अधिकारी निर्धारित की गयी क्षेत्र पंचायत की बैठक में आवश्यक रूप से स्वंय प्रतिभाग करेंगे। जिलाधिकारी ने निर्देश दिये कि क्षेत्र पंचायतों की बैठक में किसी भी पंचायत सदस्य के स्थान पर उनके परिवार के सदस्यों का बैठक में कक्ष में प्रवेश वर्जित होगा। उन्होने कहा कि खण्ड विकास अधिकारी यह भी सुनिश्चित करायेंगे कि किसी भी जनप्रतिनिधि द्वारा अपने स्थान पर परिवार के किसी सदस्य अथवा अन्य को बैठक मे प्रतिभाग करने हेतु अधिकृत न किया जाये।

# प्रत्येक विकासखण्ड से 50 मेधावी भारत भ्रमण पर भेजे जाएंगे

## शिक्षा प्रणाली में गुणात्मक सुधार और आवासीय छात्रावासों को बढ़ावा दिया जाए : सीएम

देहरादून(उद संवाददाता)। मुख्यमंत्री श्री पुष्कर सिंह धामी ने गुरूवार को सचिवालय में अधिकारियों के साथ बैठक कर विद्यालयी शिक्षा की समीक्षा की। उन्होंने कहा कि शिक्षा प्रणाली में गुणात्मक सुधार के साथ शिक्षा व्यवस्था को विद्यार्थी केन्द्रित बनाया जाए। गुणात्मक शिक्षा के साथ साथ नैतिक शिक्षा पर भी विशेष ध्यान दिया जाए। बालिका शिक्षा को प्रोत्साहित करने और स्कूलों से बालिकाओं के ड्रॉप आउट को कम करने के लिए आवासीय छात्रावासों को और अधिक बढ़ावा दिया जाए। उन्होंने निर्देश दिए कि बच्चों के स्कूल बैग का बोझ कम किया जाए। सप्ताह में बस्ता मुक्त दिवस पर विद्यार्थियों को नैतिकता पर आधारित शिक्षा प्रदान की जाए। समीक्षा के दौरान सचिव शिक्षा द्वारा शिक्षकों के ट्रांसफर में आ रही विभिन्न कठिनाइयों तथा शिक्षा विभाग में ट्रांसफर प्रक्रिया के सरलीकरण के लिए बनाई जा रही नीति के बारे में जानकारी दी गई। मुख्यमंत्री ने कहा कि माध्यमिक शिक्षा में व्यावसायिक शिक्षा पर विशेष ध्यान दिया जाए। यह सुनिश्चित किया जाए कि सभी स्कूलों में फर्नीचर की व्यवस्था पर्याप्त हो। स्कूलों में जहां-जहां संभव है, वहां वहां सोलर पैनल की व्यवस्था की जाए। मुख्यमंत्री ने कहा कि शिक्षा विभाग द्वारा ट्रांसफर के सरलीकरण के लिए जो नीति बनाई जा रही है, कार्मिक विभाग के स्तर पर उसका पूरा परीक्षण कर लिया जाए। राज्य हित में जो निर्णय सही होगा वही किया जाएगा। मुख्यमंत्री ने निर्देश दिए कि सरकारी स्कूलों में शिक्षा की गुणवत्ता में सुधार के लिए ऐसी व्यवस्थाएं बनाएं, ताकि अभिभावक



सरकारी स्कूलों में अपने बच्चों को प्रवेश दिलाने के लिए स्वयं प्रेरित हों। मुख्यमंत्री ने कहा कि राज्य में राष्ट्रीय शिक्षा नीति-2020 के पूर्ण क्रियान्वयन के लिए तेजी से प्रयास किए जाएं। स्मार्ट और वर्चुअल क्लास पर विशेष ध्यान दिया जाए। उन्होंने कहा कि शिक्षा के क्षेत्र में नवाचार को बढ़ावा देने के लिए राज्य में चलाई जा रही मुख्यमंत्री गौरवशाली भारत भ्रमण योजना के तहत मेधावी विद्यार्थियों और उत्कृष्ट शिक्षकों को प्रतिष्ठित वैज्ञानिक और तकनीकी संस्थानों में भ्रमण कराने की व्यवस्था का प्रभावी रूप से क्रियान्वयन किया जाए। छात्र शैक्षिक भ्रमण योजना के तहत प्रत्येक विकासखण्ड से 50 मेधावी भारत भ्रमण पर भेजे जाएंगे। जिसमें 50 प्रतिशत छात्राएं शामिल होंगी। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री विद्यार्थी उपहार योजना के तहत कक्षा 01 से 12 तक के विद्यार्थियों के लिए निःशुल्क नोटबुक उपलब्ध कराई जाए। मुख्यमंत्री ने विद्यालयों में समस्त भौतिक एवं मानव संसाधन उपलब्ध कराने, तकनीकी और डिजिटल शिक्षा, आवासीय छात्रावास, व्यावसायिक पाठ्यक्रम और यातायात की सुविधा उपलब्ध कराने के लिए क्लस्टर एवं पी.एम. श्री स्कूलों की स्थापना पर विशेष ध्यान देने के निर्देश दिए हैं। मुख्यमंत्री ने निर्देश दिए कि हमारी विरासत के तहत उत्तराखण्ड के आन्दोलन का इतिहास, लोक संस्कृति के विभिन्न आयामों, भारतीय ज्ञान परंपरा मूल्यों एवं संस्कृति तथा स्थानीयता को समाहित करते हुए छात्र-छात्राओं को इसकी अधिक से अधिक जानकारी उपलब्ध कराई जाए। बैठक में उपाध्यक्ष अवस्थापना अनुश्रवण परिषद श्री विश्वास डाबर, मुख्य सचिव श्रीमती राधा रतूड़ी, अपर मुख्य सचिव श्री आनंद बर्द्धन, प्रमुख सचिव श्री आर. के. सुधांशु, सचिव श्री आर. मीनाक्षी सुंदरम, श्री शैलेश बगोली, श्री रविनाथ रमन, डॉ. रंजीत सिन्हा, कुलपति वीर माधो सिंह भण्डारी उत्तराखण्ड प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. ओंकार सिंह, अपर सचिव शिक्षा श्रीमती रंजना राजगुरू, महानिदेशक शिक्षा श्री बंशीधर तिवारी सहित शिक्षा एवं तकनीकी शिक्षा के उच्चाधिकारी उपस्थित थे।

## डीएम ने की 'स्वनिधि से समृद्धि' योजना की समीक्षा

रूद्रपुर (उद संवाददाता)। जिलाधिकारी उदय राज सिंह की अध्यक्षता में "स्वनिधि से समृद्धि" योजना के तहत कैम्पों का आयोजन 1 जुलाई से 6 जुलाई एच2024 तक किए जा रहे कार्यक्रमों की जिला अनुश्रवण समिति की बैठक कलेक्ट्रेट सभागार में आयोजित हुई जिलाधिकारी ने कहा कि "स्वनिधि से समृद्धि" योजना के अंतर्गत पटरी वह रेडी वेंडर को राज्य सरकार द्वारा ब्याज मुक्त ऋण देकर वित्तीय सहायता प्रदान करने साथ-साथ उनका समग्र विकास एवं आर्थिक उत्थान भी किया जाता है। इस योजना के साथ लाभार्थी व उनके परिजनों को आठ कल्याणकारी योजनाओं पीएम सुरक्षा बीमा योजना, पीएम जीवन ज्योति बीमा योजना, पीएम श्रम योगी मनधन योजना, पीएम जन धन योजना, वन नेशन वन राशन कार्ड, रजिस्ट्रेशन अंडर बीओसीडब्लू, जननी सुरक्षा योजना तथा



पीएमएम मात्र वंदन योजना से भी लाभर्वित किया जाता है। उन्होंने सभी नगर निकाय को निर्देश दिए कि अधिक से अधिक लोग इन योजनाओं से लाभान्वित हो। उन्होंने कहा कि गत दिनों में वर्षा के कारण जो लोग आयोजित कैम्प में प्रतिभाग नहीं कर पाये थे उन्हें आगामी तिथियों में प्रतिभाग करने के लिए वार्ता करें। जिलाधिकारी ने प्राप्त आवेदनों की समीक्षा कर, नगर निकायों को निर्देश दिये कि इन सभी योजनाओं का अच्छे से अध्यन कर पैम्पलेट बनाकर जनसाधारण को जागरूक करें ताकि "स्वनिधि से समृद्धि" योजना के अंतर्गत अधिक लोगों को जोड़ा जा सके तथा लाभार्थी व उनके परिजनों को आठ अन्य कल्याणकारी योजनाओं से भी लाभान्वित किया जा सकें। उन्होंने सबंधित अधिकारियों को निर्देश दिये कि वे जनपद में पात्र अंतिम व्यक्ति तक इन योजनाओं को पहुँचाए। बैठक में मुख्य विकास अधिकारी मनीष कुमार, सीएमओ डॉ. मनोज शर्मा, मुख्य नगर आयुक्त काशीपुर विवेक राय, उप नगर आयुक्त रूद्रपुर शिप्रा जोशी, प्रभारी अधिकारी कलैक्ट्रेट डॉ. अमृता शर्मा, जिला कार्यक्रम अधिकारी मुकुल चौधरी, एलडीएम एमएस जंगपांगी, जिला शिक्षा अधिकारी डीएस राजपूत आदि मौजूद थे।

## समाजसेवी चिमनलाल के नेत्रों से दो लोगों को मिलेगी रोशनी

गदरपुर (उद संवाददाता)। सूरजपुर नंबर एक निवासी वरिष्ठ समाजसेवी एवं व्यापारी चिमनलाल चुघ के आकस्मिक निधन पर उनके पुत्र संजीव चुघ एवं दामाद पंकज सेतिया के प्रयासों से नेत्रदान का संकल्प पूर्ण करवाया गया। बुधवार को उनका आकस्मिक निधन होने पर परिजनों द्वारा सोचो डिफरेंट संस्था के माध्यम से सी एल गुप्ता आई बैंक मुरादाबाद को सूचित किया गया चिकित्सकों की टीम द्वारा सफलतापूर्वक नेत्रदान का संकल्प पूरा किया गया । नेत्रदान के बाद अब समाजसेवी चिमन लाल की आंखों से किन्हीं दो लोगों को रोशनी मिल सकेगी। नेत्रदान के पश्चात गत सायं उनके पार्थिव शरीर का मुक्ति धाम गदरपुर में अंतिम संस्कार कर दिया गया । उनके निधन पर विभिन्न धार्मिक, सामाजिक ,राजनीतिक संगठनों से जुड़े लोगों द्वारा श्रद्धांजलि अर्पित की गई ।



## राजभवन में कार्यरत सुरक्षा कर्मियों को स्थानांतरण होने पर दी विदाई

देहरादून(उद संवाददाता)। राज्यपाल लेफ्टिनेंट जनरल गुरमीत सिंह (से नि) ने गुरुवार को राजभवन में कार्यरत सुरक्षा कर्मियों के स्थानांतरण होने पर उन्हें विदाई दी। इस अवसर पर उन्होंने स्थानांतरित होने वाले कर्मियों से कहा कि आप सभी राजभवन का नाम अपने साथ लेकर जा रहे हैं जिससे आपकी और भी जिम्मेदारी बढ़ जाती है। उन्होंने कहा कि सभी ने राजभवन में अच्छा



कार्य किया है जिसे आगे भी जारी रखें। उन्होंने सभी को नए कार्यस्थल हेतु अपनी शुभकामनाएं दीं। स्थानांतरित होने वाले कार्मिकों में निरीक्षक शिखा राणा, हेड कांस्टेबल रविन्द्र कुमार, विपुल कुमार, जोगा सिंह, सत्यनारायण राय, कांस्टेबल संतोष कुमार, रितेश कुमार, विक्रांत कुमार, गोपाल कश्यप, विनीत कार्की, दलीप कुमार, संदीप भट्ट, गौरव कुमार, प्रवेश कुमार को राज्यपाल ने स्मृति चिन्ह प्रदान किए।

## साप्ताहिक वन महोत्सव कार्यक्रम का आयोजन

शक्तिफार्म(उद संवाददाता)। किशनपुर रेंज मे चल रहे, सप्ताहिक वन महोत्सव कार्यक्रम का आयोजन किया। उक्त वन मोहत्सव में वन विभाग के अधिकारियों/कर्मचारियों के साथ-साथ पाड़ागांव, गोविन्दनगर, बैकुण्ठपुर, शक्तिफार्म-6, देवनगर आदि ग्रामों के ग्रामवासियों तथा जन प्रतिनिधियों ,मनीषा महलदार, ग्राम प्रधान, गोविन्दनगर, पाडागांव, बिरंची बाईन, ग्राम प्रधान बैकुण्ठपुर तथा रविन्द्र सिंह, जिला पंचायत सदस्य द्वारा प्रतिभाग किया गया। उक्त कार्यकम में घनानन्द चनियाल, वन क्षेत्राधिकारी, किशनपुर रेंज द्वारा समीपस्त खत्तेवासियों, वन गूजरों तथा ग्रामवासियों को पेड़ पौधों से होने वाले प्रत्यक्ष एवं अप्रत्यक्ष लाभों के बारे में बताते हुए वनों के महत्व के बारे में अवगत कराया गया। वन क्षेत्राधिकारी, किशनपुर रेंज द्वारा वर्तमान में चल रही वर्षा ऋतु में अधिक से अधिक मात्रा में अपने घरों के आस-पास खाली पड़ी जमीन मे औषधीय, फलदार, छायादार, चारापत्ती एवं छायादार आदि प्रजाति के वृक्षों को रोपित करने की अपील की गयी। इस अवसर पर रेंज परिसर में नीम, बेल, आँवला, कटहल, नीबू, बोटल बुरांश, केसिया सेमिया, आम आदि औषधीय, फलदार, छायादार एवं शोभाकार वृक्षों का रोपण किया गया। वन महोत्सव कार्यक्रम में उपस्थित जन प्रतिनिधि, मनीशा महलदार, ग्राम प्रधान, गोविन्दनगर, पाडागांव, बिरंची बाईन, ग्राम प्रधान बैकुण्ठपुर तथा रविन्द्र सिंह, जिला पंचायत सदस्य द्वारा समीपस्त ग्रामवासियों को अधिक से अधिक पौधों को लगाने व उनकी



देखभाल करने तथा पर्यावरण के प्रति जागरूक किया गया। वन महोत्सव कार्यक्रम में घनानन्द चनियाल, वन क्षेत्राधिकारी, खीम सिंह अधिकारी, उपराजिक, वन दरोगा नवीन सिंह मेहरा, गोकुल सिंह नेगी, नवीन सिह मेहरा, दिनेश चन्द्र बुधलाकोटी, राजेश खन्ना, वन आरक्षी पूजा बोथ्याल, मीनू,सत्येन्द्र, मो. इरशाद,सागर जिनाटा, मातवर बिष्ट, मितिका कृष्णाली, सोनू रावत, नगमा अंसारी आदि समीपस्त ग्रामवासी तथा खत्तेवासी उपस्थित रहे।

## 80 प्रतिशत पूर्ण हुआ रपटापुल का निर्माण

रूद्रपुर (उद संवाददाता)। अधिशासी अभियन्ता लघु सिंचाई सुशील कुमार ने बताया कि जिलाधिकारी उदयराज सिंह के निर्देशन में कुंदन नगर-सुंदरपुर मार्ग पर रपटापुल के निर्माण हेतु जिला योजना अंतर्गत वर्ष 2023-24 में लघु सिंचाई विभाग को कार्यादायी संस्था नामित किया गया है। रपटापुल भागड़ा नदी पर कुंदन नगर-सुंदरपुर को जोड़ने वाले मार्ग पर निर्माणाधीन है जिसका निर्माण कार्य प्रगति पर है। उन्होंने बताया कि रपटापुल निर्माण के समय किसानों द्वारा रास्ते को लेकर विवाद था जिसे सुलझाने के उपरांत रपटापुल का निर्माण कार्य लगभग 80 प्रतिशत पूर्ण कर लिया गया है । रपटापुल ग्रामीणों को आने-जाने की सुविधा हेतु बनाया जा रहा है। उन्होंने



बताया कि भागड़ा नदी में वर्ष भर जल रहता है इसलिए रपटापुल को इस उद्देश्य से बनाया गया है की वर्षा काल में नदी का जलस्तर बढ़ने पर पानी रपटापुल के ऊपर से होकर जाए व पानी का स्तर कम होने पर हयुम पाइप से होकर निकले, जिससे ग्रामीणों को रपटापुल से आने जाने में सुविधा मिल सके।उन्होंने बताया कि रपटापुल निर्माण में 1200 एम0एम0 डायामीटर के ह्युम पाइप का प्रयोग किया गया है व ह्युम पाइप के नीचे आरसीसी का कार्य व रपटापुल के दोनों और पुल की सुरक्षा हेतु सी0सी0 ब्लॉक का कार्य किया जा रहा है जोकि निर्माणधीन है। विगत दिनों से हो रही लगातार वर्षा के कारण भागड़ा नदी में जलस्तर बढ़ गया था, जलस्तर बढ़ने से पानी रपटापुल के ऊपर से होकर चल रहा था। वर्तमान में नदी का जलस्तर कम होने पर पानी ह्युम पाइप के अंदर से जा रहा है व रपटापुल को नदी के जलस्तर बढ़ने से कोई भी क्षति नहीं हुई है।

## नालियों और नजूल भूमि पर से पक्के अतिक्रमण हटा लें: मिश्रा

हल्द्वानी (उद संवाददाता)। नगर आयुक्त विशाल मिश्रा ने बताया कि प्रायः ऐसा देखा जा रहा है कि नगर निगम हल्द्वानी काठगोदाम क्षेत्रान्तर्गत नाले तथा नालियों के ऊपर लोगों द्वारा पक्के अतिक्रमण किए गए तथा सीसी पटाल लगा दिए गए हैं। जिस कारण वर्षा काल (तथा वर्षा काल के अलावा भी) में वर्षा जल की निकासी अवरुद्ध हो जाती है तथा जल भराव तथा बाढ़ जैसी स्थिति उत्पन्न हो जाती है। इससे जान माल को खतरा होता है तथा पूर्व में कई बार जान माल का नुकसान भी हुआ है। श्री मिश्रा ने नगर निगम हल्द्वानी काठगोदाम द्वारा आम जनता को सूचित किया है कि नाले नालियों के ऊपर तथा नजूल भूमि पर किसी भी प्रकार का अतिक्रमण न किया जाए यदि अतिक्रमण किया गया है तो तत्काल हटा लिया जाए। यदि नगर निगम हल्द्वानी काठगोदाम द्वारा नाले नाली सफाई तथा जल भराव की समस्या को हल करते समय अतिक्रमण प्रकाश में आता है तो उक्त अतिक्रमण को तत्काल नगर निगम अधिनियम 1959 तथा आपदा प्रबन्धन अधिनियम 2005 तथा अन्य नियमों अधिनियमों के अन्तर्गत कार्यवाही की जाएगी तथा अतिक्रमण कारियों के विरुद्ध भी नियमानुसार आवश्यक कार्यवाही की जाएगी।

# अधिकारियों को 6 सूचकांकों की प्राप्ति के लिए दिलाई प्रतिज्ञा




रूद्रपुर( उद संवाददाता)। नीति आयोग भारत सरकार द्वारा आकांक्षी जनपद एवं आकांक्षी ब्लॉक कार्यक्रम के अन्तर्गत एपीजे अब्दुल कलाम सभागार में 'सम्पूर्णता अभियान' का शुभारम्भ जिलाधिकारी उदयराज सिंह व राज्य आंदोलनकारी अवतार सिंह बिष्ट ने दीप प्रज्वलित कर किया । जिला अधिकारी की अध्यक्षता में संपन्न कार्यक्रम में समस्त अधिकारियों को जिलाधिकारी द्वारा 6 सूचकांकों की संतृप्तता हेतु प्रतिज्ञा दिलायी गई। मुख्य विकास अधिकारी मनीष कुमार के द्वारा अतिथियों का स्वागत किया गया व कार्यक्रम हेतु अपने विचार व्यक्त करने का आग्रह किया गया। मुख्य अतिथि गदरपुर के विधायक अरविंद पांडेय ने आयोजन में सभी को प्रेरित किया कि कैसे हम सभी मिलकर एक बदलाव ला सकते हैं, साथ ही संपूर्णता अभियान को सफलता पूर्वक तीन माह के अंतराल में जन जन तक पहुंचाना है। उन्होंने कहा कि गदरपुर को आकांक्षी ब्लॉक में चयनित किया गया है इस क्षेत्र को संपूर्णता अभियान के माध्यम से अन्य विकासशील व विकसित ब्लॉक के समकक्ष लाया जा सकेगा। नीति आयोग से चंद्रमणि पालीवाल ने भी इस कार्यक्रम में अपने विचार रखे।जिलाधिकारी ने बताया कि नीति आयोग द्वारा 4 जुलाई से 30 सितंबर 2024 तक 3 महीने का 'सम्पूर्णता अभियान' आरंभ किया गया है, जिसका उद्देश्य देश भर के आकांक्षी जिलों में 6 प्रमुख संकेतकों और आकांक्षी ब्लॉकों में 6 प्रमुख संकेतकों की परिपूर्णता अर्जित करने के लिए निरंतर प्रयास करना है। उन्होंने बताया कि अभियान के अंतर्गत आकांक्षी जिलों में 6 संकेतकों में मासिक लक्ष्य बनाते हुए योजनानुसार कार्य किया जाना है इन संकेतकों में पहली त्रैमासिक अवधि के दौरान प्रसवपूर्व देखभाल के लिए पंजीकृत गर्भवती महिलाओं का प्रतिशत, आईसीडीएस कार्यक्रम के अंतर्गत नियमित रूप से पूरक पोषण लेने वाली गर्भवती महिलाओं का प्रतिशत, पूर्णत: प्रतिरक्षित बच्चों का प्रतिशत (9-11 माह) , वितरित मृदा स्वास्थ्य कार्डों की संख्या, माध्यमिक स्तर पर कार्यात्मक विद्युत सुविधा वाले विद्यालयों का प्रतिशत, शैक्षणिक सत्र शुरू होने के एक महीने के भीतर बच्चों को पाठ्य पुस्तकें उपलब्ध कराने वाले स्कूलों का प्रतिशत को शत-प्रतिशत बनाना है साथ ही जिन क्षेत्रों में जनपद अच्छा प्रदर्शन कर रहा है उनके शत-प्रतिशत को भी सतत बनाये रखना है। उन्होंने कहा कि जिला व ब्लॉक के सभी अधिकारी सुनिश्चित करें कि तीन माह के रोस्टर के हिसाब से ही इस अभियान को पूरा किया जाएगा इस हेतु रणनीति के साथ सभी को कार्य करना है। सहायक परियोजना निदेशक संगीता आर्य ने पीपीटी द्वारा इस अभियान की तीन माह की प्लानिंग को साझा करते हुए बताया कि हर विभाग की साझेदारी इंडीकेटर्स को 100 प्रतिशत पूरा करने के लिए जरूरी है। नीति आयोग की सहयोगी संस्था पीरामल फाउंडेशन की टीम ने इस कार्यक्रम को सफल बनाने के लिए अपना सहयोग दिया। पीरामल फाउंडेशन की अभिलाषा ने कार्यक्रम का संचालन किया।कार्यक्रम में उपस्थित राज्य आंदोलनकारी अवतार सिंह बिष्ट ने कहा कि मा. प्रधानमंत्री का मानना है कि आने वाला दशक उत्तराखण्ड राज्य का दशक होगा। इसे साकार करने हेतु मा. मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने सशक्त उत्तराखण्ड बनाने का लक्ष्य रखा है, जो कि उत्तराखण्ड को अग्रणी राज्य बनाने के क्रम में सरकार का सराहनीय कदम है।कार्यक्रम में नुक्कड़ नाटक की प्रस्तुति से यह बताया गया कि सरकार की नीतियों का लाभ उठाने के लिए उसकी जानकारी कितनी जरूरी है और इसलिए हम सभी का जागरूक होना अति आवश्यक है। इस अवसर पर मुख्य विकास अधिकारी मनीष कुमार, अपर जिलाधिकारी पंकज उपाध्याय, नीति आयोग सलाहकार चन्द्रमणी पालीवाल, उ.ख. राज्य आंदोलकारी अवतार सिंह बिष्ट, मुख्य चिकित्साधिकारी डॉ. मनोज कुमार शर्मा, एपीडी संगीता आर्या, मुख्य कृषि अधिकारी डॉ. एके वर्मा, मुख्य शिक्षा अधिकारी के.एस. रावत, जिला शिक्षा अधिकारी डी.एस. राजपूत, हरेन्द्र कुमार मिश्रा, मुख्य उद्यान अधिकारी भावना जोशी, पीरामल फाउंडेशन से डिस्ट्रिक्ट लीड आशीष भटनागर व उनकी टीम सहित अन्य संबंधित अधिकारी, व आशा कार्यकत्रियां उपस्थित थें।

# पंतनगर में भाईचारा एकता मंच का सिलाई सेंटर शुरू



रुद्रपुर (उद संवाददाता)। भाईचारा एकता मंच द्वारा संचालित सिलाई, कढ़ाई सेंटर पंतनगर में शुरू हो गया है। जिसमें दो दर्जन से अधिक महिलाएं प्रशिक्षण लेगी। केंद्रीय अध्यक्ष केपी गंगवार ने फीता काटकर बिधिवत रूप से सेंटर का शुभारंभ किया। रुद्रपुर शहर व आसपास में दर्जन भर से अधिक सिलाई सेंटर में सैकड़ो महिलाओं को प्रशिक्षण देने के बाद भाईचारा एकता मंच ने पंतनगर में सिलाई सेंटर का शुभारंभ कर दिया है। उद्घघाटन के अवसर पर पहुंचे केंद्रीय अध्यक्ष केपी गंगवार ने कहा कि भाईचारा एकता मंच का उद्देश्य महिलाओं को आत्मनिर्भर बनाकर स्वरोजगार से जोड़ना है। इसी क्रम में दो दर्जन से अधिक महिलाएं पंतनगर के सिलाई सेंटर में प्रशिक्षण लेंगी और आत्म निर्भर बनकर अपने परिवार के भरण पोषण में सहयोगी साबित होगी। इस अवसर पर संगठन के कोषाध्यक्ष स्वामी आधार श्रीवास्तव, पंतनगर की अध्यक्ष सरस्वती,महामंत्री नीरू मिश्रा, कोषाध्यक्ष रश्मि रघुवंशी, केंद्र की संचालिका सीमा, इस्रावती, प्रशिक्षण लेने वालों में काजल, खुशबू, पूजा, चंदा, आरती, ममता, सीमा, रेखा, नेहा, अंजू, कविता, रोशनी, निशा, नजमा, रीता, सीमा, आरती, पूजा, ममता, पायल आदि मौजूद रहे।

# भाजपाईयों ने फूंका राहुल गांधी का पुतला



रूद्रपुर (उद संवाददाता)।भाजयुमो के जिला महामंत्री बिट्टू चौहान के नेतृत्व में कार्यकर्ताओं ने भगत सिंह चौक पर प्रदर्शन कर कांग्रेस सांसद राहुल गांधी का पुतला फूंका। इस दौरान भाजपा के प्रदेश मंत्री विकास शर्मा ने विगत दिनों लोक सभा के अन्दर राहुल गांधी द्वारा हिंदुओ को हिंसक और देशद्रोही बताने की निदा की।उन्होंने कहा कि कांग्रेस के नेता हमेशा हिंदू और भारतीय संस्कृति को मिटाने की बात करते हैं। हिंदुओ की तुलना डेंगू मलेरिया से करते हैं। विकास शर्मा ने कहा कि कांग्रेस ने हमेशा से मुस्लिम तुष्टिकरण की राजनीति करती है। श्री शर्मा ने राहुल गांधी की सदस्यता समाप्त करने की मांग की। कार्यक्रम संयोजक बिट्टू चौहान ने कहा कि जिनको खुद अपने धर्म और जात का पता नहीं है कि वह हिंदू है मुसलमान है। ऐसे आदमी को भारत के अंदर राजनीति नहीं करनी चाहिए।इसको पाकिस्तान के अंदर जाकर राजनीति करनी चाहिए जो मुसलमान की बात करते हैं।इस अवसर पर जिला उपाध्यक्ष रजत दीक्षित, मण्डल अध्यक्ष भाजयुमो गोविंद, महामंत्री आदेश भारद्वाज,महामंत्री जितेंद्र संधु,प्रांजल रस्तोगी,उपाध्यक्ष विक्की राघव, उपाध्यक्ष सूरज पाण्डे, नीरज भारद्वाज, मनमोहन सिंह, रोहित, अभिषेक, केशव आदि युवा मौजूद थे।

# वांछित अभियुक्त किया गिरफ्तार

काशीपुर( उद संवाददाता)। उत्तराखंड गोवंश संरक्षण अधिनियम की एक मामले में लंबे समय से फरार चल रहे वांछित अभियुक्त को आईटीआई पुलिस ने दबिश देकर गिरफ्तार करते हुए जरूरी पूछताछ के बाद अभियुक्त को न्यायालय के समक्ष



पेश कर दिया। बीते 12 जुलाई को उप निरीक्षक परी क्षेत्रीय गोवंश स्क्वायड की किच्छा प्रवीण सिंह द्वारा आईटीआई थाने में शौकीन आदि के खिलाफ3/5/11(1) उत्तराखंड गोवंश संरक्षण अधिनियम के अंतर्गत एक मुकदमा पंजीकृत कराया गया था गया था। अभियोग मे हसन अली उर्फ हुसैनी पुत्र रहमान निवासी गड़ी का मोहल्ला फरीदनगर थाना ठाकुरद्वारा जिला मुरादाबाद उत्तर प्रदेश घटना के दिन से लगातार फरार चल रहा था। जिसकी गिरफ्तारी हेतु उसके घर व सम्भावित स्थानों पर लगातार दबिश दी गयी परन्तु वह लगातार अपने आप को छिपा रहा था। न्यायालय द्वारा वांछित अभियुक्त की गिरफ्तारी हेतु गैर जमानती वारंट भी जारी किया गया था। बीते दिवस अभियुक्त हसन अली उर्फ हुसैनी पुत्र रहमान उपरोक्त को मुखबिर की सूचना पर बस स्टेशन काशीपुर से गिरफ्तार किया गया। कार्यवाही करने वाली पुलिस टीम में उप निरीक्षक प्रकाश सिंह विष्ट कांस्टेबल जितेन्द्र सिंह व सुरेंद्र कम्बोज शामिल रहे।

# नहरों की सफाई व जलभराव का हो तत्काल समाधान: रावत



हल्द्वानी (उद संवाददाता) ।विगत दिनों भारी वर्षा के कारण सिंचाई विभाग की नहर में कूडा कचरा आने से तथा एनएचएआई के सडक निर्माण के द्वारा तीनपानी, बाईपास, पंचमुखी हनुमान मन्दिर, धौलाखेडा, हाथीखाल क्षेत्र में घरों में जलभराव हो गया था। आयुक्त दीपक रावत ने समस्या के दीर्घकालीन समाधान हेतु सिंचाई, एनएचएआई, लोनिवि, एडीबी, नगर आयुक्त तथा तीनपानी क्षेत्र के लोगों से बैठक की। बैठक में एडीबी के अधिकारियो द्वारा बताया गया कि हल्द्वानी शहर में सीवरेज योजना के साथ ही शहर में ड्रेनेज प्लान 660.80 करोड की लागत से बनाया जा रहा है। शहर में वर्षाकाल के पानी को 6 नालो के जरिये गौला नदी मे छोडा जायेगा तथा शनि बाजार के नाले के पानी को आंवला गेट से गौला में छोडा जायेगा। इसके लिए डीपीआर बन चुकी है, शीघ्र ही शहर में वर्षाकाल में हो रहे जलभराव की समस्या का दीर्घकालीक समाधान होगा। आयुक्त श्री रावत ने वर्तमान स्थिति के समाधान हेतु सिंचाई एवं एनएचएआई के अधिकारियों को नहरों की सफाई एवं एनएचएआई के द्वारा सडक पर अतिरिक्त कलवट बनाने के निर्देश दिये ताकि आसानी से पानी का प्रवाह हो सके। क्षेत्रवासियों ने बताया कि 1990 मे जमरानी प्रोजेक्ट के तहत दो नहर बनी थी वह वर्तमान में बन्द है। इसमें से एक नहर हरिपुरा डाम तथा दूसरी नहर गौला नदी में जाती है।आयुक्त ने गौलानदी मे जाने वाली नहर की सफाई कराने के निर्देश दिये ताकि वर्षाकाल का पानी नहर के द्वारा सुचारू जा सके।आयुक्त ने सिंचाई विभाग के अधिकारियों को निर्देश दिये कि वर्षाकाल में कूडे कचरे के कारण नहरों व नाले बन्द हो जाती है। उन संवेदन शील स्थानो पर कार्मिको की उपकरणों के साथ तैनाती की जाए। साथ ही आयुक्त ने कहा कि वर्षाकाल में जिन स्थानों पर नहरे क्षतिग्रस्त हो गई है उन्हें शीघ्र प्रस्ताव बनाकर आपदा मद से मरम्मत कराना सुनिश्चित करें। उन्होंने नगर आयुक्त को शहर के आन्तरिक नहरों एव नालों की नियमित सफाई कराने के भी निर्देश दिये।बैठक में नगर आयुक्त विशाल मिश्रा, मुख्य अभियंता सिंचाई संजय शुक्ला, उपजिलाधिकारी पारितोष वर्मा के साथ ही लोनिवि, एनएचएआई, सिचाई तथा विधायक प्रतिनिधि लालकुआं दीपक बहुगुणा व क्षेत्रवासी उपस्थित थे।

# टुक टुक को साईड देते समय कंपाइन पलटी



शक्तिफार्म( उद संवाददाता)। धान काटकर वापस लौट रही कंपाइन तिलियापुर किच्छा को जोड़ने वाला पुल चढ़ते वक्त टुकटुक को साइड देते समय पलट गयी। गनीमत रही की सड़क से लगभग 16 फीट नीचे गिरने के बावजूद भी कोई हताहत नहीं हुआ। बृहस्पतिवार को ग्राम तिलियापुर से धान काटकर वापस लौट रही कंपाइन कटना नदी पर बने पुल पर चढ़ने के दौरान टुक टुक को साइड देते हुए एकदम किनारे आ गयी।चालक को किनारे का अंदाजा ना लगने के कारण टायर सड़क से स्लिप हो गया और कंबाइन सड़क से लगभग 16 फीट नीचे जाकर गिर गयी। ग्रामीणों ने लोक निर्माण विभाग पर आरोप लगाते हुए कहा कि इंजीनियरों ने पुल को जमीन से करीब 50 फीट ऊंचा बनाया है। अप्रोच रोड को भी काफी संकरा बनाया। इसी के साथ सुरक्षा के दृष्टिगत साइड में कोई दीवार नहीं बनाई गई। ग्रामीण महेंद्र पाल सिंह ने बताया कि मुख्यमंत्री पोर्टल पर पुल से संबंधित शिकायत की थी, लेकिन विभाग द्वारा कोई कार्यवाही नहीं की गयी। कहा कि यदि समय रहते अप्रोच रोड को ठीक नहीं किया गया तो कभी भी बड़ा हादसा हो सकता है। इस पुल पर इससे पूर्व भी कई लोग हादसे का शिकार हो चुके है।

# पूर्व सैनिकों के परिजनों को दी योजनाओं की जानकारी




रूद्रपुर (उद संवाददाता)। जिला सैनिक कल्याण एवं पुनर्वास द्वारा ब्लॉक कार्यालय काशीपुर में पूर्व सैनिकों, वीरनारियों एवं उनके आश्रितों के कल्याणार्थ मासिक शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में लगभग 30 से 40 पूर्व सैनिक वीरनारी एवं आश्रितों के द्वारा प्रतिभाग किया गया। इस मौके पर सैनिक कल्याण अधिकारी द्वारा केंद्र सरकार एवं राज्य सरकार द्वारा संचालित योजनाओं की विस्तार से जानकारी दी गई तथा पूर्व सैनिकों की समस्याओं का शिविर स्थल पर ही समाधान किया गया। इसके अतिरिक्त विभाग द्वारा संचालित पूर्व सैनिकों एवं आश्रितों हेतु कंप्यूटर प्रशिक्षण आईटीडीए काशीपुर कंप्यूटर सेंटर का भी निरीक्षण किया गया। शिविर में जिला सैनिक कल्याण अधिकारी कर्नल चंद्र बहादुर, सहायक अधिकारी आनन्द गिरि, वरिष्ठ प्रशासनिक अधिकारी महेश चंद्र भट्ट, हवलदार अजय कुमार गुप्ता, नायक सुदर्शन बोरा, ब्लॉक प्रतिनिधी हवलदार मोहन सिंह तथा पूर्व सैनिक संगठन के अध्यक्ष आं0 कैप्टन बीएस नेगी द्वारा प्रतिभा किया गया।

# उत्तरांचल दर्पण सम्पादकीय

सत्यम् शिवम् सुन्दरम्

## सत्संग में भगदड़

हाथरस में एक सत्संग के दौरान हुए हादसे की न्यायिक जांच की घोषणा हो गई है और इस तरह अब इसके सहारे सरकार इस घटना पर उठने वाले सवालों के शांत होने की उम्मीद कर रही है। अब इस जांच के नतीजे कब आएंगे, किसकी जिम्मेदारी तय की जाएगी, क्या कार्रवाई होगी, यह सरकार की इच्छाशक्ति पर निर्भर है। मगर इस घटना में जो हुआ, उसने न केवल किसी स्वयंभू बाबा और उसके समूह को, बल्कि सरकार और समूचे प्रशासन-तंत्र को कठघरे में खड़ा किया है। हालत यह है कि एक बाबा के कथित सत्संग के आयोजन को लेकर तो सभी स्तरों पर लापरवाही बरती ही गई, उससे उपजी अव्यवस्था की वजह से मची भगदड़ में कम से कम एक सौ इक्कीस लोगों के मारे जाने के बाद कार्रवाई के मामले में भी पुलिस और प्रशासन का जो रुख सामने आया है, वह हैरान करने वाला है। खबरों के मुताबिक भगदड़ के बाद छह सेवादार भाग गए थे, जिन्हें बाद में गिरफ्तार कर लिया गया, लेकिन मुख्य आरोपी को पकड़ने के लिए एक लाख रुपए इनाम की घोषणा की गई। इसके अलावा, पुलिस का कहना है कि अगर जरूरत पड़ी तो 'भोले बाबा' से भी पूछताछ की जाएगी। हालांकि इसका कोई संतोषजनक जवाब सामने नहीं आया है कि बाबा का नाम पुलिस के पास दर्ज प्राथमिकी में क्यों नहीं है! सवाल है कि आस्था के नाम पर सामने आई त्रासदी के लिए अगर सत्संग के आयोजकों की जिम्मेदारी बनती है, तो इस व्यापक लापरवाही में प्रशासन भी अपनी जवाबदेही से कैसे बच सकता है? अस्सी हजार लोगों की जुटान की इजाजत दे दी गई और ढाई लाख लोगों का जमावड़ा हो गया तो यह किसके आंख मूंद लेने की वजह से हुआ? इतनी बड़ी तादाद में लोगों के वहां आने के बाद प्रशासन ने क्या ऐसा किया ताकि आपात स्थितियों में बचाव हो सके? जिस राज्य में आए दिन सरकार किसी भी कोने में छिपे अपराधियों को काबू में करने का दावा करती रहती है, उसमें पुलिस और खुफिया तंत्र के इतने बड़े जाल के बावजूद 'भोले बाबा' कैसे फरार हो गया? सब कुछ दुरुस्त होने के दावे के बीच एक बाबा भारी संख्या में लोगों को जुटा कर अपनी महिमा का बखान करता रहा। फिर भगदड़ के बाद उसके फरार हो जाने पर पुलिस उसे पकड़ नहीं पा रही और प्राथमिकी तक में उसका नाम नहीं है तो इसके पीछे क्या वजहें हैं? सच यह है कि इस तरह बाबाओं के समाज या साधारण लोगों के बीच पांव पसारने और उन्हें मन-मुताबिक संचालित करने के लिए भी सरकार की जिम्मेदारी बनती है। आम लोग अपनी जीवन-स्थितियों में बेहतरी और विकास लाने के साथ-साथ अच्छी पढ़ाई-लिखाई करें, नए विचारों से समृद्ध हों, इसकी व्यवस्था करना सरकार का दायित्व है। मगर इसके समांतर संदिग्ध पृष्ठभूमि वाला कोई व्यक्ति बाबा का रूप धर कर लोगों को इस हद तक प्रभावित कर लेता है कि कुछ पीड़ित भी भगदड़ और लोगों के मारे जाने के लिए उस पर सवाल उठाने को गलत मानने लगते हैं। आस्था के नाम पर इस तरह के सम्मोहन की स्थिति पैदा होने को लेकर क्या सरकारों की कोई जवाबदेही नहीं बनती? अव्यवस्था से उपजी कोई बेहद दुखद घटना हो जाती है, लोगों की जान चली जाती है, तब समूचा सरकारी तंत्र अत्यधिक सक्रिय दिखने लगता है। अफसोस की बात यह है कि जब ऐसी भयावह घटनाओं की भूमिका बन रही होती है, तब सरकार बेखबर रहती है। अगर समय रहते थोड़ी भी सक्रियता दिखाई जाती, तो शायद ऐसी त्रासदी से बचा जा सकता था।

## गड्ढे में डूबकर मासूम बच्चे की मौत

देहरादून। देहरादून के प्रेमनगर में गुरुवार को दर्दनाक हादसा हो गया। प्रेमनगर के दशहरा ग्राउंड में निर्माण कार्य के लिए बने गड्ढे में डूबने से पांच साल के बच्चे की मौत हो गई। एसएसपी अजय सिंह ने घटना के संबंध में मुकदमा दर्ज कर जांच के आदेश दिए हैं। जानकारी के अनुसार, दोपहर करीब 12 बजे बच्चा घर से खेलने निकला था। दिन भर परिजन और पुलिस उसकी तलाश में जुटी रही। रात करीब दस बजे पुलिस और स्थानीय लोगों ने देखा कि दशहरा ग्राउंड में गड्ढे में एक बच्चा पड़ा हुआ है। गड्ढा महज तीन से चार फीट गहरा है। बच्चे की पहचान अधीर कुमार पुत्र जितेंद्र कुमार निवासी मिल कॉलोनी शिवपुरी प्रेमनगर के रूप में हुई। बच्चा गुरुनानक स्कूल में पढ़ता था। उसके पिता मंडी में काम करते हैं। इस घटना के बाद से स्थानीय लोगों में आक्रोश है।

# सीएम ने दिए गढ़वाल और कुमांऊ मण्डल में एक एक एक्सीलेंस सेंटर बनाने के निर्देश

देहरादून(उद संवाददाता)। मुख्यमंत्री श्री पुष्कर सिंह धामी ने गुरूवार को सचिवालय में तकनीकी शिक्षा विभाग की समीक्षा के दौरान निर्देश दिये कि तकनीकी शिक्षा को बढ़ावा देने के लिए गढ़वाल और कुमांऊ मण्डल में एक- एक एक्सीलेंस सेंटर बनाए जाएं। यह सुनिश्चित किया जाए कि सरकारी तकनीकि संस्थानों से पासआउट होने वाले छात्रों को अधिक से अधिक कैम्पस प्लेसमेंट मिले। मुख्यमंत्री ने कहा कि औद्योगिक संस्थानों की आवश्यकता के अनुरूप तकनीकी संस्थानों में आधुनिक कोर्स और उपकरणों की समुचित व्यवस्था की जाए। तकनीकी संस्थानों से प्रशिक्षित कितने प्रतिशत छात्रों को रोजगार मिला और कितने प्रतिशत ने उच्च शिक्षण संस्थानों में प्रवेश लिया इसका स्पष्ट डाटा रखा जाए। उन्होंने यह भी निर्देश दिए कि तकनीकी शिक्षा प्राप्त करने के बाद राज्य के युवाओं को प्रदेश में रोजगार की पर्याप्त अवसर उपलब्ध कराये जाएं, ताकि उन्हें रोजगार के लिए राज्य से बाहर न जाना पड़े। राज्य में युवाओं के कौशल विकास के लिए प्लंबर, इलेक्ट्रिशियन, वेल्डिंग तथा अन्य मैकेनिकल प्रशिक्षण भी कराये जाएं। बैठक में जानकारी दी गई कि पिछले तीन



सालों में पॉलिटेक्निक के माध्यम से 6490, सरकारी क्षेत्र में 369 तथा पॉलिटेक्निक के माध्यम से सामुदायिक विकास योजना के तहत 552 युवाओं को रोजगार और स्वरोजगार मिला। आगामी एक साल में आई.आई.टी रूड़की के सहयोग से विभिन्न राजकीय पॉलिटेक्निक संस्थाओं में वर्चुअल लैब की स्थापना और प्रशिक्षण दिया जायेगा। बैठक में यह भी बताया गया कि उत्तराखंड राज्य करियर कार्उसिलिंग सेंटर की स्थापना की जायेगी। पॉलिटेक्निक संस्थाओं को सर्विस प्रोवाइडर के रूप में विकसित कर बेरोजगार युवाओं को व्यवसाय से जोड़ा जायेगा। बैठक में उपाध्यक्ष अवस्थापना अनुश्रवण परिषद श्री विश्वास डाबर, मुख्य सचिव श्रीमती राधा रतूड़ी, अपर मुख्य सचिव श्री आनन्द बर्द्धन, प्रमुख सचिव श्री आर. के. सुधांशु, सचिव श्री आर. मीनाक्षी सुंदरम, श्री शैलेश बगोली, श्री रविनाथ रमन, डॉ. रंजीत सिन्हा, कुलपति वीर माधो सिंह भण्डारी उत्तराखण्ड प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. ओंकार सिंह, अपर सचिव शिक्षा श्रीमती रंजना राजगुरू, महानिदेशक शिक्षा श्री बंशीधर तिवारी सहित शिक्षा एवं तकनीकि शिक्षा के उच्चाधिकारी उपस्थित थे।

# सड़कें बदहाल हैं, मगर मंत्री पीडब्ल्यूडी गायब हैं

## रोड ब्लॉक होने से कई घंटे जाम में फंसे पूर्व सीएम हरदा

चमोली/ देहरादून(उद संवाददाता)। उत्तराखंड में मानसून की बारिश से जहां पहाड़ी क्षेत्रों में भूस्खलन से सड़कों के अवरूद्ध होने से लोगों को मुसीबतों का सामना करना पड़ रहा है अवरूद्ध होने से कई घंटों तक जाम में फंसे रहे। इस दौरान उन्होंने यात्रियों से मुलाकात भी की। हांलाकि उनके साथ मौजूद कार्यकर्ताओं के साथ वह पैदल मार्ग से रवाना हो गये। शुक्रवार को ानसभा बद्रीनाथ उपचुनाव के लिए जाते समय सड़क में मलवा आने से घुड़साली रोड पर रोड ब्लॉक हो गई। आगे के कार्यक्रमों के लिए देरी हो रही है। इसी मौके पर घुड़साली स्तिथ कल पोखरी जाते वक्त मैंने भी सवा दो घंटा एक ऐसी ही स्थान पर सड़क के काम चलाऊ होने का इंतजार किया। सड़कें बदहाल हैं, मगर मंत्री पीडब्ल्यूडी गायब हैं। यह तो धन्य हैं हमारे समाचार





वहीं मैदानी जनपदों में जलभराव की समस्या से लोगों को चिंता सता रही है। वहीं आज गढ़वाल मंडल में उपचुनाव के लिए प्रचार अभियान में जुटे पूर्व सीएम हरीश रावत विधानसभा बद्रीनाथ उपचुनाव के लिए जाते वक्त मार्ग सोशल मीडिया पर एक पोस्ट साझा करते हुए प्रदेश के पूर्व सीएम हरीश रावत ने चिंता व्यक्त करते हुए राज्य सरकार से बाधित सड़कों को खोलने में विभागीय एजेंसियों को सक्रिय करने की अपील की है। आज पोखरी, विध सिद्धपीठ मां इंद्रामती भगवती देवी जी का आशीर्वाद लिया। उन्होंने कहा कि मानसून अभी आया ही आया है और उत्तराखंड की सड़कें बदहाल हो गई हैं! मलबा आने व सड़क टूटने से राज्य की 200 से ज्यादा सड़कें अवरोधित हैं। पत्र कि एक क्षेत्र का समाचार दूसरे क्षेत्र तक नहीं पहुंच पाता! यदि सारे राज्य की सड़कों की बदहाली का चित्र एक समाचार में छपता तो सारे राज्य भर में चिंता छा जाती! सड़कें ठीक करने की व्यवस्था है, मगर नेतृत्व गायब है।



# कालाढूंगी क्षेत्र के सभी नालों का ड्रोन सर्वे किया जाए : डीएम

हल्द्वानी(उद संवाददाता)। कालाढूंगी में नालों के संबंध में डीएम वंदना सिंह ने कैंप हल्द्वानी में सिंचाई और राजस्व विभाग के अधिकारियों के साथ बैठक की। बैठक में डीएम ने कालाढूंगी रामनगर हाईवे के नीचे रामपुर विद्रामपुर नाले से लगते हुए लगभग 03 किलोमीटर



क्षेत्र में प्रभावित 20 स्थलों पर 15 दिनों के लिए पर्याप्त मात्रा में मशीन लगाकर चौनलाइजेशन का कार्य सोमवार से चालू करने के निर्देश सिंचाई विभाग को दिए। विदित है की कालादूंगी रामनगर के हाईवे के नीचे क्षेत्र में पानी ओवरफ्लो होने से कुछ क्षेत्रों में भू कटाव और आबादी को नुकसान होने का खतरा बना रहता है। इसी खतरे को इस मानसून सीजन में रोकने/कम करने के लिए सिंचाई विभाग को तत्काल तात्कालिक कार्य चालू करने के निर्देश दिए है जिसकी मॉनिटरिंग एसडीएम कालाढूंगी करेंगी। डीएम ने समस्त एस डी एम को निर्देशित किया है कि अपने क्षेत्रों में आपदा के तहत हो रहे कार्यों की मॉनिटरिंग की जाए, साथ ही गुणवत्ता का विशेष ध्यान रखा जाए। अपने पूर्व के कालादूंगी निरीक्षण में डीएम ने एसडीएम कालाढूंगी और सिंचाई विभाग को निर्देशित किया था कि कालाढूंगी क्षेत्र के सभी नालों का ड्रोन सर्वे किया जाए। इसी संबंध में सिंचाई विभाग द्वारा क्षेत्र के चूना खान, विदारामपुर, करकट, कालीगाड़, धमनवा, गेबुआ नाला और निहाल नदी का ड्रोन सर्वे कर पीपीटी के माध्यम से प्रस्तुतीकरण दिया। बैठक लेते हुए डीएम वंदना सिंह ने कहा कि हर वर्ष मानसून सीजन में निहाल नदी, चूना खान, मंगोली नाला, चारता नाला, जमीरा नाला , करकट, गेबुआ और धमनवा नाले से लगे हुए कतिपय क्षेत्रों में आबादी और कृषि क्षेत्र को नुकसान होता है। इसके लिए सिंचाई विभाग को निर्देशित किया कि इस मानसून की जद में प्रभावित होने वाले क्षेत्रों को चिन्हित करते हुए तत्काल तात्कालिक कार्य चालू किए जाए जिससे इस मानसून में होने वाले नुकसान को रोका जा सके। साथ ही जिन स्थलों में दीर्घकालिक कार्य किए जाने है उन क्षेत्रों की डीपीआर तैयार कर शासन को प्रेषित की जाए जिससे हर बार की मानसून से होने वाली क्षति का स्थाई समाधान करके इन क्षेत्रों का भविष्य सुरक्षित किया जा सके। बैठक में एसडीएम कालाढूंगी, विधायक प्रतिनिधि विकास भगत, ईई सिंचाई ए के वर्मा, ए ई गणेश पांडेय, जे ई यशवंत सिंह, हरीश भट्ट सहित अन्य लोग मौजूद थे।

# ग्रीन वर्ल्ड पब्लिक स्कूल के दो छात्रों का नवोदय में चयन

शक्तिफार्म(उद संवाददाता)। क्षेत्र के ग्रीन वर्ल्ड पब्लिक स्कूल के मेधावी छात्र वासुदेव उपाध्याय व ध्रुव रस्तोगी का जवाहर नवोदय विद्यालय रुद्रपुर में चयन हुआ है। दोनो छात्रों ने स्कूल व क्षेत्र का नाम रोशन किया। इस उपलब्धि पर विद्यालय मे सम्मान समारोह का आयोजन किया गया,जिसमें स्कूल प्रबंधक नवीन जोशी सहित समस्त स्कूल स्टाफ ने दोनो छात्रों को स्मृति चिन्ह व अभिभावकों को अंग वस्त्र भेटकर सम्मान किया व बच्चों की उज्जवल भविष्य की कामना की। बता दें ग्रीन वर्ल्ड स्कूल के कई



छात्र आज सरकारी नौकरी कर अपनी सेवाये दे रहे है। इस मौके पर व्यापार मंडल अध्यक्ष रविन्द्र अग्रवाल, समाजसेवी कैलाश पाठक, विद्यालय प्रबंधन नवीन जोशी, समस्त विद्यालय परिवार व स्टाफ उपस्थित रहा।



# 15 जुलाई से 30 अगस्त तक आशुतोष पंत नि:शुल्क बांटेंगे फलों के पेड़ पौधे

रूद्रपुर (उद संवाददाता)। पूर्व जिला आयुर्वेद अधिकारीबीपर्यावरण कार्यकर्ता डा. आशुतोष पंत की गत वर्षों की तरह इस वर्ष भी 20 हजार से अधिक पौधे लगाने की योजना है। उन्होंने बताया कि इस लक्ष्य को हासिल करने के लिए आगामी 15 जुलाई से 30 अगस्त तक इच्छुक लोगों को उनकी अपनी भूमि पर लगाने के लिए आम, अमरूद, कटहल, तेजपत्ता, नींबू, सहजन, शरीफा, अंगूर, अनार, करौंदा आदि के पौधे नि:शुल्क भेंट किए जाएंगे। उन्होंने कहा कि ग्रामीण क्षेत्रों में कार्यक्रम आयोजित करके बड़े पेड़ों के पौधे और शहरी क्षेत्र में जहाँ लोगों के पास जमीन कम होती है वहां छोटे पौधे भेंट किए जाएंगे। जो जनप्रतिनिधि, समाजसेवी, पर्यावरण प्रेमी अपने क्षेत्र में इस तरह के आयोजन कराना चाहें वह12 जुलाई तक उनके व्हाट्स ऐप नंबर 9997019501 पर संदेश भेज दें। कार्यक्रम के दिन और समय के लिये वह स्वयं उनसे संपर्क कर लेंगे। डा. ने बताया कि पौधे उनके द्वारा निशुल्क उपलब्ध कराए जाएंगे। उन्हें क्षेत्र के लोगों को सूचित करके निर्धारित समय पर एकत्र करना होगा।सरकारी या गैर सरकारी



संस्थाएं, जिनके पास जानवरों से बचाव और सिंचाई की व्यवस्था हो वह भी संस्था में पौधे लगाना चाहें तो संपर्क कर सकते हैं। गेट बंद कॉलोनियों में भी पौधे लगाना चाहें तो व्हाट्स ऐप पर संपर्क करें। उन्होंने बताया कि पौधे नैनीताल और उद्यम सिंहनगर जिले में लगाना प्राथमिकता है। क्योंकि पौधे दूर ले जाने में परिवहन में कठिनाई होती है। वह आयुर्वेद विभाग में 1988 से कार्यरत रहे तभी से सरकारी काम के साथ-साथ पर्यावरण संरक्षण के लिए जो थोड़ा बहुत कर सकता हूं कर रहा हूं। अभी प्रतिवर्ष 20 हजार से अधिक पौधे लगाने का लक्ष्य है। सबके सहयोग से अब तक 4 लाख 10 हजार पौधे लगाए गए हैं। अप्रैल 2023 में सेवानिवृत्ति के बाद इसे और बढ़ाने का विचार है। उन्होंने अभी तक किसी व्यक्ति, सरकार या एनजीओ से कोई आर्थिक मदद नहीं ली है और जब तक ईश्वर की कृपा है अपनी क्षमता के अनुसार प्रयास जारी रखूँगा। उनके बहुत से मित्र और शुभचिंतक अपना अमूल्य समय देकर सहयोग करते हैं। कई मित्र अपने वाहन सहित साथ देते हैं। उन सबका हृदय से आभारी हूं। हमारा उद्देश्य है पृथ्वी पर हरियाली हो, ग्लोबल वार्मिंग कम हो, भूमिगत जल बढ़े, नदियां-जल स्रोत सलामत रहें. आइए हम सब पेड़ लगाकर धरती को सुन्दर बनाएं।

# बदरीनाथ धाम में प्लास्टिक वेस्ट से हो रही नगर पंचायत की आमदनी

देहरादून। बदरीनाथ धाम में प्लास्टिक वेस्ट को नगर पंचायत प्रशासन ने आय का बेहतर संसाधन बना लिया है। इस वर्ष अब तक नगर पंचायत ने धाम में बिखरे प्लास्टिक कचरे का विपणन कर 2 लाख 61 हजार 500 रुपए की आय अर्जित



की है। इससे धाम प्लास्टिक कचरे से मुक्त हो रहा है और नगर पंचायत की आमदनी हो रही है। बदरीनाथ धाम की सफाई का जिम्मा नगर पंचायत बदरीनाथ का है। जिसके लिए नगर पंचायत की ओर से 45 पर्यावरण मित्रों की तैनाती मुख्य नगर क्षेत्र, 22 की मंदिर परिसर में तैनाती की है। इसके साथ ही नगर से निकलने वाले कचरे के कॉम्पेक्टिंग, कम्पोस्टिंग और सेग्रीगेशन के लिए 15 कर्मचारियों की तैनाती की है। जिनके माध्यम से कचरे को एकत्रित कर ब्लॉक बनाकर विपणन किया जा रहा है। अधिशासी अधिकारी सुनील पुरोहित ने बताया कि बीते 15 दिन में पंचायत प्रशासन ने करीब 12 टन प्लास्टिक कचरे का निस्तारण कर 1.35 लाख की आय अर्जित की है।

# पुलिस ने वारण्टी को किया गिरफ्तार

किच्छा(उद संवाददाता)। वारण्टियों के विरूद्ध चलाये जा रहे अभियान के तहत थानाध्यक्ष पुलभट्टा के नेतृत्व में गठित टीम ने वारंटी रोहित राठौर पुत्र रूप लाल राठौर निवासी बरा थाना पुलभट्टा को गिरफ्तार कर लिया। उसे न्यायालय में पेश किया गया। पुलिस टीम में थानाध्यक्ष रविन्द्र सिह बिष्ट, अपर उपनिरीक्षक प्रकाश चन्द,कांस्टेबल इन्द्र प्रकाश शामिल थे।



# निर्माण कार्यों का निरीक्षण करने के लिए रोस्टर जारी

रूद्रपुर(उद संवाददाता)। जिलाधिकारी उदयराज सिंह ने जल जीवन मिशन कार्यक्रम के अन्तर्गत जनपद में निर्माण इकाईयों द्वारा 30 जून तक 156 पूर्ण निर्मित योजनाओं का स्थलीय निरीक्षण व निर्माण कार्यो का सत्यापन जनपदीय अधिकारियों द्वारा किये जाने का रोस्टर जारी किया है। जिलाधिकारी ने बताया कि उत्तराखण्ड पेयजल निगम की निर्माण इकाई-निर्माण शाखा रूद्रपुर की 54, निर्माण शाखा खटीमा की 41, एवं पीआईयू अमृत काशीपुर की 26 योजनाओं तथा जल संस्थान की अनुरक्षण खण्ड रूद्रपुर की 16, अनुरक्षण खण्ड खटीमा की 11 एवं अनुरक्षण खण्ड रामनगर (नैनीताल) की 08 योजनाओं का निरीक्षण एवं सत्यान कार्य 05 जुलाई से 12 अगस्त तक किये जाने है। जिलाधिकारी ने 39 नामित अधिकारियों को निर्देश दिये है कि वे रोस्टर के अनुसार जल जीवन मिशन योजनाओं का स्थलीय निरीक्षण व निर्माण कार्यो का सत्यापन कर आख्या निरीक्षण तिथि के 7 कार्य दिवसों में मुख्य विकास अधिकारी कार्यालय को प्रस्तुत करना सुनिश्चित करेगें।

# घर में घुसकर मारपीट करने वालों पर केस दर्ज

रूद्रपुर। सात जून को घर में घुसकर युवती और उसकी बहन के साथ गाली-गलौज, मारपीट करने के मामले में पंतनगर थाना पुलिस ने तीन आरोपियों को नामजद करते हुए केस दर्ज किया है। एसपी सिटी मनोज कत्याल ने बताया कि पंतनगर थाना क्षेत्र की एक युवती ने एसएसपी को शिकायती पत्र देकर आरोप लगाया था कि सात जून की आधी रात को वह व उसकी बहन घर पर अकेली थी। इस बीच रंजिशन बाडू यादव, जितेंद्र यादव और अखिलेश एक अन्य साथी के साथ घर की जाली काटकर अंदर घुस आए। आरोपियों ने उसके व बहन के साथ मारपीट की। गाली-गलौज करते हुए बहन के कपड़े फाड़कर अश्लील हरकतें करने लगे। उनके शोर करने पर आसपास के लोगों को एकत्र होता देख आरोपी शिकायत करने पर उन्हें व उनके परिवार को जान से मरवा देने की धमकी देकर फरार हो गए। पुलिस ने बाडू, जितेंद्र, अखिलेश एवं एक अन्य के खिलाफ आईपीसी की धारा 147, 323, 354, 452, 504, 506 के तहत रिपोर्ट दर्ज कर ली। एसपी सिटी कत्याल ने बताया कि मामले की विवेचना एसआई प्रियंका टम्टा कर रही हैं।

## पेज एक का शेष...

**धामी सरकार के तीन साल..**कॉस्ट का 30 प्रतिशत या एक लाख रुपये की सब्सिडी दी जा रही है। साथ ही महिला स्वयं सहायता समूहों को पांच लाख का बिना ब्याज का ऋण दिया जा रहा है। इसके अलावा लखपती दीदी योजना के तहत 80 हजार महिला स्वयं सहायता समूहों के माध्यम से ऋण प्रदान करके वर्ष 2025 तक 1.25 लाख महिलाओं को लखपती दीदी बनाने का लक्ष्य भी निर्धारित किया गया है। धामी सरकार ने अपने 3 साल के कार्यकाल में उत्तराखंड के लोगों को निशुल्क इलाज उपलब्ध कराने के लिए 55 लाख से अधिक लोगों के आयुष्मान कार्ड बनवाए हैं तथा इसके अंतर्गत अब तक 9.11 लाख मरीजों का फ्री उपचार किया जा चुका है। इस स्वास्थ्य योजना पर धामी सरकार द्वारा अब तक 1.72 करोड़ का बजट उपलब्ध कराया गया है। इसके अलावा राज्य में निशुल्क जांच योजना के तहत मरीजों को 207 प्रकार की निशुल्क पैथोलॉजिकल जांच की सुविधा भी प्रदान की गई है। इसके अलावा धामी सरकार द्वारा होम स्टे योजना से रोजगार सृजन, खिलाड़ियों के प्रोत्साहन के लिए बनाई गई नई खेल नीति,युवाओं के लिए पारदर्शी रोजगार प्रणाली, भ्रष्टाचार के विरुद्ध कारगर मुहिम, सीएम हेल्पलाइन की सक्रियता, नई फिल्म नीति का निर्माण, सोलर प्लांट से युवाओं को स्वरोजगार उपलब्ध कराने, फसलों के दाम में वृद्धि, नहर से मुफ्त सिंचाई योजना, पीआरडी जवानों का मानदेय बढ़ाने, किसानों के लिए बिना ब्याज का ऋण उपलब्ध कराने, देहरादून में सैन्य धाम का निर्माण, शहीद सैनिक परिवार को सरकारी नौकरी देने ,सीएम अंत्योदय निशुल्क गैस रिफिल योजना ,हाउस ऑफ हिमालयाज की शुरुआत ,एंटी नारकोटिक्स टास्क फोर्स का गठन, मानसखंड और हरिद्वार ऋषिकेश कॉरिडोर के निर्माण का मार्ग प्रशस्त करने , इन्वेस्टर समिट से नए उभरते उत्तराखंड की रखी नींव रखने तथा 3.50 हजार हेक्टेयर शासकीय भूमि को अतिक्रमण मुक्त करने की दिशा में उठाए गए कदम भी विशेष उल्लेखनीय है।

**बरसाती नदी में नहा..**अंकित को बचा लिया। लेकिन प्रियांशु का पता नहीं चला। देर शाम पुलिस को सूचना मिली कि एक किशोर बरसाती नदी में डूब गया है। सूचना पर पुलिस मौके पर पहुंची और घटना की जानकारी लेते हुए एसडीआरएफ टीम को मौके पर बुलाया। एसडीआरएफ टीम लापता किशोर की तलाश में देर रात तक सर्च अभियान में जुटी रही। लेकिन एसडीआरएफ टीम को कोई सफलता नहीं मिली। अंधेरा होने के कारण सर्च अभियान रोकना पड़ा। शुक्रवार तडके फिर से एसडीआरएफ टीम ने सर्च अभियान शुरू किया गया। एसडीआरएफ टीम ने घंटो मशकत के बाद डूबे किशोर प्रियांशु का शव बरामद कर लिया। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए जिला अस्पताल भेज दिया।

**टिपपर ने राह..**सूचना मिलते ही एसएसआई महेंद्र प्रसाद, टीपीनगर चौकी इंचार्ज दीपक बिष्ट मौके पर पहुंचे। पुलिस ने शव कब्जे में लेकर एंबुलेंस की मदद से मोर्चरी भिजवाया। पुलिस ने बताया कि सीसीटीवी की मदद से टिप्पर चालक को पकड़ लिया है। परिजनों की तरफ से तहरीर मिलने पर आगे की कार्रवाई शुरू की जाएगी।

**व्यापारियों ने बिग बाजार..**आज सत्रह वर्ष हो गये हैं प्रबंधक द्वारा उन्हें सिर्फ आश्वासन ही दिये जा रहे हैं दुकाने नहीं आवंटित की गईं। जिससे उन्हें काफी आर्थिक नुकसान उठाना पड़ रहा है। उन्होंने कहा कि इस संदर्भ में पूर्व में कई बार सुपरटेक के स्वामी सहित कई सम्बधित अधिकारियों से पत्राचार किया जा चुका है लेकिन उनकी समस्या का समाधान नहीं किया जा रहा। प्रदर्शन करने वालों में मनोज छावड़ा, संदीप राव, राजेश चावला, संजू बेदी, राजेश घीक, ओम प्रकाश सलूजा, राजीव छावड़ा, मनीष साहनी, जितेन्द्र गांधी, राजवीर सिंह, हरदीप सिंह, जगरूप सिंह, वरूण सिंह, संजीव अरोरा, गौरव ग्रोवर, हर सिमरन सिंह सहित कई व्यापारी मौजूद थे।

**फंदे पर लटका..**की जानकारी मिलते ही पुलिसकर्मी मौके पर पहुचे और घटनास्थल का निरीक्षण किया और परिजनों से आवश्यक जानकारी लेकर शव अपने कब्जे में ले पोस्टमार्टम के लिए भिजवाया। घटना से परिजनों में कोहराम मच गया।

**राहुल गांधी को गलियां देने...**कार्यकर्ताओं के खिलाफ कानूनी कार्रवाई की मांग करते हुए प्रदेश व्यापी आंदोलन की चेतावनी भी दी गयी है। तहरीर देने वालों में यूथ कांग्रेस महानगर अध्यक्ष रणजीत सिंह राणा, प्रदेश सचिव, परवेज कुरैशी, प्रदेश प्रभारी निशांत शाही, जिला महामंत्री फैसल खान,मोनू कश्यप,फरमान सिददीकी, निजाम खानआदि शामिल थे।

जगदीश
कलर लैब
टंडन फोटो स्टूडियो
पासपोर्ट फोटो तुरन्त प्राप्त करें
जनरेटर सुविधा भी उपलब्ध है।
मोबाइल, चिप, डिजिटल कैमरा, पेन ड्राइव, सीडी आदि डिजिटल कार्य तुरन्त बनवायें।
काशीपुर बाईपास रोड,
गुरूनानक कन्या इण्टर कालेज के सामने गली में, रुद्रपुर
E-mail: jagdishcolourlab@gmail.com
Web: jagdishcolourlab.com
05944-246817

संस्थापक-स्व० हरनामदास सुखीजा एवं स्व०तिलकराज सुखीजा
स्वामित्वाधिकारी,प्रकाशक एवं मुद्रक परमपाल सुखीजा द्वारा उत्तरांचल दर्पण पब्लिकेशन्स, श्याम टाकीज रोड,रुद्रपुर,ऊधमसिंहनगर(उत्तराखण्ड)से मुद्रित एवं प्रकाशित
सम्पादक-परमपाल सुखीजा
आरएनआई नं.: UTTHIN/2002/8732 समस्त विवाद रूद्रपुर न्यायालय के अधीन होंगे।
E-mail-darpan.rdr@gmail.com,www.uttaranchaldarpan.in
फोन-245886(O)245701(Fax),9897427585,9897427586(Mob.)

# अंडर पास के लिए खोदा गड्ढा हादसों को दे रहा दावत

## ग्राम छतरपुर में ओमेक्स कालोनी मार्ग पर रेल पटरी के नीचे से बनाया जा रहा अंडर पास मार्ग,विवादों में फंसे निर्माण पर प्रशासन ने लगाई है रोक

रूद्रपुर (उद संवाददाता)। ग्राम छतरपुर में ग्रामीणों की भारी मांग पर ग्राम छतरपुर में ओमेक्स कालोनी मार्ग पर रेल पटरी के नीचे से बनाया जा रहा अंडर पास मार्ग निर्माण विवादों के चलते अधूरा छोड़ दिये जाने के कारण न सिर्फ आम लोगों के लिए परेशानी का सबब बन चुका है साथ ही रेलवे पटरियों के लिए भी खतरा बन गया है। यहां कभी भी कोई गंभीर हादसा घटित हो सकता है। लेकिन रेलवे व स्थानीय प्रशासन इस ओर पूरी तरह से आंखें बंद किये हुए है। रेलवे पटरी से कुछ ही कदम दूरी पर निर्माणाधीन इस अंडरपास का काम ग्राम भूरारानी व छतरपुर आदि ग्रामों के निवासियों की भारी मांग पर करीब बीस दिन पूर्व रेलवे विभाग द्वारा ओमेक्स कालोनी मार्ग पर रेलवे पटरी के पास शुरू किया गया था। परंतु ओमेक्स कालोनी सोसाईटी ने डीएस के समक्ष इस पर आपत्ति जताते हुए कहा कि यह भूमि सिडकुल की है। यदि अंडर पास निकालना है तो पुरानी सिडकुल चौकी के साथ वाले मार्ग से निकाल दिया जाये। जिसके बाद दोनों पक्षों के लोगों द्वारा प्रशासन के समक्ष अपने तर्क प्रस्तुत किये गये। जिसके बाद डीएम में काम रोकने के आदेश देकर एडीएम पंकज उपाध्याय, एसडीएम मनीष बिष्ट व एसपी सिटी मनोज कत्याल आदि की एक कमेटी गठित कर जांच कर रिपोर्ट सौंपने को कहा। टीम द्वारा निर्माणाधीन अंडर बाईपास स्थल का निरीक्षण किया गया साथ ही मामले में लोगों से बातचीत भी



की। लेकिन अभी तक जांच जारी रहने के कारण रिपोर्ट नहीं सौंपी जा सकी है और काम रूका हुआ है। उधर मौके पर अंडर पास के लिए खोदा गया बड़ा गड्ढा यहां से गुजरने वाले लोगों के लिए परेशानियों का सबब बन चुका है। बरसात होने के कारण यह गड्ढा पानी से लबाबब भर चुका है। पास ही से होकर गुजर रही रेल पटरी से तमाम यात्री व मालवाहक रेल गाड़ियां होकर गुजर रही हैं। जिनके कंपन से खोदे गये गड्ढे के चारों ओर की मिट्टी भी लगातार धंसकर गड्ढे में समाती जा रही है। यदि रेलवे तथा प्रशासनिक अधिकारियों ने इस ओर प्राथमिकता से ध्यान नहीं दिया तो निकट भविष्य में किसी भी बड़ी घटना के घटित होने से इंकार नहीं किया जा सकता है। इस मार्ग से रोजाना हजारों की संख्या में सिडकुल में काम करने वाले श्रमिकों के साथ ही सैकड़ों की संख्या में लोग विभिन्न सरकारी विभागों में कार्य के लिए आवागमन करते हैं। रेल पटरी पार करने के लिए उन्हें वर्षों से परेशानियों से जूझना पड़ रहा है। जिसे देखते हुए यहां अंडर पास बनाने की मांग लगातार उठाई जा रही है। अब जबकि रेलवे विभाग द्वारा विभागीय उच्चाधिकारियों से स्वीकृति लेने के बाद काम शुरू किया गया तो कुछ लोगों द्वारा अपने तर्क देकर इसका विरोध शुरू कर दिया गया। क्षेत्र में शांति व्यवस्था बनाये रखने के लिए डीएम ने जांच टीम गठित कर उसे दिशा निर्देश दे दिये। अब देखना है कि गठित जांच कमेटी द्वारा डीएम को क्या रिपोर्ट प्रस्तुत की जाती है। इस पर अंडर पास निर्माण रिपोर्ट पर इसके पक्ष व विपक्ष के लोगों कें साथ ही रेलवे विभाग की नजरें लगी हुई हैं। यदि निर्माणाधीन गड्ढे को लम्बे समय तक यूं ही छोड़ दिया गया तो भविष्य में आम जनता के साथ ही रेलवे विभाग को इसका बड़ा खामियाजा भुगतना पड़ सकता है।

## ठुकराल ने कैंची धाम में नवाया शीश

रूद्रपुर (उद संवाददाता)। पूर्व विधायक राजकुमार ठुकराल ने कैंची धाम पहुंचकर बाबा नीम करोली महाराज के दर्शन किए। ठुकराल ने विधि विधान से पूजा



अर्चना की और सभी के लिए सुख समृद्धि की कामना की। इस अवसर पर उनके साथ में पूर्व सभासद गोविंद राय, आनंद शर्मा, ललित बिष्ट, विशाल मेहरा आदि भी मौजूद थे।

## ग्रामीणों के साथ रपटा पुल का लिया जायजा

रूद्रपुर (उद संवाददाता)।दिनेशपुर के पास स्थित सुंदरपुर में 16 लाख की लागत से बना रपटा पुल पहली ही बारिश में डूब गया। ग्रामीणों के साथ पूर्व विधायक राजकुमार ठुकराल ने मौके पर पहुंचकर स्थिति का जायजा लिया और निर्माण कार्य में धांधली का आरोप लगाते हुए कार्रवाई की मांग की। बता दें बीते दिनों ग्रामीणों के आक्रोश के बाद अधिकारियों ने मौके पर पहुंच कर रपटा पुल का जायजा लिया था । पहली बारिश में ही पुल पूरी तरह डूब चुका है। ग्रामीणों का कहना है कि पुल निर्माण में धांधली हुई है और इसकी गुणवत्ता बहुत बेकार है। जानकारी मिलने पर पूर्व विधायक राजकुमार ठुकराल ग्रामीणों सहित मौके पर पहुंचे और पुल का जायजा लिया। उन्होंने कहा कि 16 लाख की लागत से ब ना यह रपटा पुल पहली बारिश में ही स्वीमिंग पूल बन चुका है। जिससे ग्रामीणों को काफी दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है।



# नशे में धुत कार चालक ने कई लावारिस पशुओं को सड़क पर कुचला, गिरफ्तार

हल्द्वानी। हल्द्वानी में एक युवक ने नशे में कार दौड़ाते हुए लावारिस पशुओं को टक्कर मारकर उड़ा दिया। बनभूलपुरा थाना क्षेत्र में हुए हादसे में एक पशु की मौके पर मौत हो गई और छह पशु घायल हो गए। पुलिस ने पीलीकोठी निवासी आरोपी प्रियांशु वर्मा पर नए आपराधिक कानून उतावलेपन में वाहन चलाने, लोगों की जान को खतरे में डालने और पशु क्रूरता की धारा में प्राथमिकी दर्ज कर ली है। पुलिस के अनुसार पीलीकोठी निवासी प्रियांशु वर्मा बुधवार रात अपने दोस्तों के संग होटल में खाना खाने निकला था। सभी दोस्तों ने रात को शराब पी और रात दो बजे पान खाने के लिए रोडवेज बस स्टेशन के पीछे आ गए। प्रियांशु पहले ऑल्टो कार में सवार था। इसके बाद दोस्त से लग्जरी ऑटोमेटिक कार टेस्ट ड्राइव के लिए मांगी। फिर प्रियांशु रेलवे बाजार से क्षत्रिय चौराहे की ओर गया।



इसी दौरान उसने सड़क पर बैठे लावारिस जानवरों के झुंड को टक्कर मार दी। कार की गति इतनी तेज थी कि झुंड में बैठे पशु हवा में उछलकर छिटक गए। घटना में एक पशु की मौके पर मौत हो गई और छह घायल हैं।रात में ही पुलिस ने पशु चिकित्सक को बुलाकर घायल गायों का इलाज कराया। घटना से आक्रोशित जोगेंद्र राणा, दीपांशु पोखरिया, सूजल चौधरी और सुरेश बिष्ट बनभूलपुरा थाना पहुंचे और आरोपियों पर कार्रवाई की मांग की। सीओ नितिन लोहनी ने बताया कि बीएनएस की धारा 281, 125 और पशु क्रूरता एक्ट के तहत मुकदमा दर्ज कर कार को सीज कर दिया है। आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है। बृहस्पतिवार को गाय को टक्कर मारने का वीडियो वायरल हो गया। वीडियो में कार तेज गति से आते दिख रही है। इसके बाद वह सड़क पर बैठे लावारिस गायों को टक्कर मारते दिख रही है। हादसे में कई पशु टक्कर लगते ही उछलते हुए दिख रही है।

# कुमाऊ में सर्पदंश से पांच मजदूर की मौतों पर कमिश्नर गंभीर

हल्द्वानी। वर्षाकाल में सर्पदंश की मण्डल में पांच मजदूर व गरीब लोगों की मौतों का संज्ञान लेते हुए आयुक्त दीपक रावत ने कहा कि जिन स्थलों पर भवन आदि के निर्माण कार्य किये जा रहे है उन स्थलों पर खूले मे मजदूर ना रहे उन्हे वैकल्पिक आवास में बैड के साथ ही शौचालय की सभी सुविधाये सम्बन्धित ठेकेदार द्वारा प्रदान की जाए। श्री रावत ने कहा कि कार्यदायी संस्था के ठेकेदारों का स्वयं के पंजीकरण के साथ ही मजदूरों का पंजीकरण श्रम विभाग में कराना अनिवार्य है। उन्होंने कहा कि भविष्य किसी भी मजदूर की अप्रिय घटना होने पर सम्बन्धित मजदूर का पंजीकरण ना होने दशा में सम्बन्धित ठेकेदार की जिम्मेदारी तय करते हुए कठोर कार्यवाही की जायेगी। उन्होने कहा कि मण्डल के सभी श्रमिकों का पंजीकरण श्रम विभाग होना आवश्यक है इसके लिए सभी जिलाधिकारी मनीटरिंग करना सुनिश्चित करें।। उन्होने सीएमओ को निर्देशित किया है कि सभी सीएचसी सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्रों पर एंटीवेनम इंजेक्शन होना अनिवार्य है तथा एंटीवेनम इंजेक्शन लगाने हेतु योग्य चिकित्सक की तैनाती भी करना सुनिश्चित करें। श्री रावत ने कहा कि सांप का काटना एक अप्रत्याशित घटना है लेकिन कुछ सावधानियों का पालन करते हुए इसे रोका जा सकता है। उन्होने कहा कि वर्षाकाल में पैरों को ढंकने वाले जूते या हाई बूट आदि पहनें, घने जंगलों के भीतर जाने से बचे तथा कृषि भूमि मे सावधानी पूर्वक चले। अपने आसपास के एरिया को साफ रखे। उन्होने कहा सर्पदंश होने पर शीघ्र चिकित्सकीय परामर्श लें।


